वर्ष 24, अंक 81, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 18 अक्टूबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सैन्य ताकत में चीन रह गया पीछे, दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर वायुसेना बनीं Indian Air Force



**नई दिल्ली**

**भारत** की वायुसेना विश्व की तीसरी सबसे ताकतवर सेना हो गई है. वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की ताजा रैंकिंग में भारतीय वायुसेना ने चीन को पीछे छोड़ दिया है. पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे नंबर पर रूस है और उसके बाद भारत का नंबर है. हालांकि चीन के पास भारत से अधिक सैन्य विमान हैं, लेकिन World Directory of Moder»»f MilitÔry AircrÔft (WDMMA) की ये रैंकिंग वायुसेना की मारक क्षमता के आधार पर तय की गई है.

कैसे तय होता है कौन कितना ताकतवर

WDMMA हर साल दुनिया भर के देशों की एयरफोर्स ताकत को आंकता है. बता दें कि ये रैंकिंग सिर्फ विमानों की संख्या से नहीं बनती, इसमें लड़ाकू ताकत, रक्षा क्षमता, लॉजिस्टिक सपोर्ट, ट्रेनिंग और तकनीकी आधुनिकता भी देखी जाती है. पाकिस्तान की एयरफोर्स चीन के बने हथियारों पर निर्भर है, लेकिन तकनीक और ट्रेनिंग के मामले में भारत आगे है.

भारत से चीन से आगे

चीन अपनी एयरफोर्स फ्लीट को अपग्रेड करने और एडवांस टेक्नोलॉजी डेवलप करने में अरबों डॉलर खर्च कर रहा है, जबकि भारत सिर्फ मशीनों पर नहीं, पायलटों की ट्रेनिंग पर भी ध्यान देता है.

भारत की वायुसेना की ताकत का असली कारण है तेज प्रतिक्रिया देने की क्षमता और सटीक हमला करने की ताकत. भारत की तीनों सेनाओं के बीच अच्छा तालमेल है. यही साझेदारी युद्ध के दौरान काम आती है. रूस के पास भले ही ज्यादा विमान हो, लेकिन फिर भी वो यूक्रेन पर हवाई कंट्रोल नहीं बना पाया.

पाकिस्तान से पावरफुल सऊदी की वायु सेना

इस रैंकिंग में चौथे नंबर पर चीन की एयरफोर्स है और 5 वें नंबर पर जापानी वायुसेना है, जबकि इजरायली एयरफोर्स को छठा नंबर मिला है.

उसके बाद सातवें नंबर पर है फ्रांस की वायुसेना है. ब्रिटेन की वायुसेना फ्रांस के बाद आठवें नंबर पर है. पाकिस्तान की एयरफोर्स 18वें नंबर पर है, जबकि सऊदी अरब की एयरफोर्स को 17वां नंबर मिला है. वर्तमान WDMMA की लिस्ट में 103 देशों पर नजर रखी गई है और 129 हवाई सेवाओं को कवर किया गया है।

## दिवाली से पहले दिल्ली-यूपी में मिलावटखोरों पर बड़ा प्रहार!

### करोड़ों की नकली मिठाई जब्त, सेहत से खिलवाड़ भारी पड़ेगा



**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर इलाके में छापेमारी कर 2,000 से 2,500 किलोग्राम तक मिलावटी दूध से बनीं मिठाइयां जब्त कीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के उत्पादन की सूचना मिलने के बाद की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ह्यह्यभारी मात्रा में मिलावटी दूध से बनी मिठाइयों के डिब्बे बरामद किए गए।

जब्त किए गए उत्पाद की आपूर्ति त्योहारों से पहले शहर की विभिन्न मिठाई की दुकानों में की जानी थी।ह्लह्ल अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई मिठाइयों के नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि मिलावट की प्रकृति और सीमा का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस परिसर में मिठाइयां बनाई जा रही थीं उसे सील कर दिया गया है और जिम्मेदार लोगों की तलाश जारी है।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार ने दिवाली और छठ पूजा से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की है और राज्य भर में लगभग 4.76 करोड़ रुपये मूल्य के 3,394 क्विंटल से ज्यादा मिलावटी खाद्य उत्पाद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई त्योहारी सीजन के दौरान जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिवाली और छठ पूजा से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की है और राज्य भर में लगभग 4.76 करोड़ रुपये मूल्य के 3,394 क्विंटल से अधिक मिलावटी खाद्य उत्पाद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई त्योहारी सीजन के दौरान जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत की गई है।

## ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए कैमरन ग्रीन



**ऑस्ट्रेलिया**

**ऑस्ट्रेलिया** को बड़ा झटका लगा है, भारत के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से ठीक 2 दिन पहले ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह वनडे सीरीज के लिए मार्नस लाबुशेन को स्क्वाड में शामिल किया गया है.

कैमरन ग्रीन मांसपेशियों में जकड़न की वजह से भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए हैं. इसकी बड़ी वजह ये भी है कि अगले महीने से शुरू होने वाली चर्चित एशेज सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता कोई रिस्क नहीं लेना चाहते. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, "कैमरन ग्रीन कुछ समय का रिहैबिलिटेशन पूरा करेंगे. इसके बाद वह एशेज सीरीज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड के तीसरे दौर में खेलने की कोशिश करेंगे."

मार्नस लाबुशेन को मिली जगह

कैमरन ग्रीन की जगह मार्नस लाबुशेन को वनडे स्क्वाड में शामिल किया गया है,

जिन्होंने गुरुवार को क्वींसलैंड के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में 159 रन बनाए थे।

## दुगार्पुर सामूहिक बलात्कार में चौंकाने वाला खुलासा

### पीड़िता का आरोपी से था लव अफेयर-पुलिस



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** में, दुगार्पुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की जाँच के सिलसिले में, पुलिस ने आज घटनाक्रम का पुनर्निर्माण किया। सभी पाँचों आरोपियों को उस जगह ले जाया गया जहाँ पीड़िता के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार हुआ था। पीड़िता के हिरासत में लिए गए दोस्त को भी घटनास्थल पर ले जाया गया।

दुगार्पुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले से जुड़े जांचकताओं ने दावा किया है कि पीड़िता गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों में से एक के साथ प्रेम संबंध में थी और 10 अक्टूबर को जब उसका यौन उत्पीड़न हुआ तो वह उसी के साथ कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि उस व्यक्ति को सबसे आखिर में गिरफ्तार किया गया और वह पीड़िता का सहपाठी है। उन्होंने बताया कि दोनों घटना वाली रात बाहर गए थे।

अधिकारी ने कहा, पीड़िता गिरफ्तार किए गए अपने दोस्त के साथ रिश्ते में थी। हमने इसे साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत जुटाए हैं। व्हाट्सएप पर उनकी बातचीत भी इसकी पुष्टि करती है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता और उसके दोस्त दोनों ने बताया कि घटना वाली रात वे श्मशान घाट के पास जंगल में गए थे।

अधिकारी ने कहा, उनके बयान के अनुसार, जंगल जाते समय तीन बदमाशों ने उनका पीछा किया।

## बिहार चुनाव: नामांकन के आखिरी दिन शाह-नीतीश की अहम मुलाकात

### NDA की एकजुटता का संदेश



**बिहार**

**केंद्रीय** मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन हुई। शाह ने गुरुवार को पुष्टि की थी कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार चुनाव लड़ेगा। एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए, पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि वह जेपी आंदोलन और आपातकाल के दौरान सबसे प्रमुख नेताओं में से एक थे।

शाह ने एनडीए के सहयोगी दलों पर उम्मीद जताते हुए कहा था कि हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं, जो हमारे चुनाव अभियान का नेतृत्व भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "जहाँ भी हमें पूर्ण बहुमत मिला, चाहे वह राज्य हो या केंद्र, हमने गठबंधन सरकार चलाई। हमने हमेशा अपने सहयोगी दलों का सम्मान किया है और इस बार भी करेंगे।" गौरतलब है कि बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल ने भी पुष्टि की है कि नीतीश कुमार विधानसभा चुनावों में एनडीए का चेहरा होंगे। इंडिया टीवी के चुनाव मंच में बोलते हुए, जायसवाल ने यह भी कहा कि एनडीए में सब कुछ ठीक है।

जायसवाल ने कहा कि हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। भविष्य में भी एनडीए उनके नेतृत्व में काम करता रहेगा। पिछले हफ़्ते एनडीए ने सीट बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप दिया था, जिसके तहत भाजपा और जनता दल-यूनाइटेड (जेडी-यू) 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को छह-छह सीटें दी गई हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं।

### पुलिस की जांच में जुटी, खबर अफवाह भी हो सकती है

## उपराष्ट्रपति के चेन्नई आवास पर बम की धमकी से हड़कंप,



**चेन्नई**

**उपराष्ट्रपति** सी. पी. राधाकृष्णन के पोएस गार्डन स्थित आवास पर बम की धमकी दी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह धमकी अफवाह प्रतीत होती है। चेन्नई में सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय को ईमेल पर धमकी मिली। इसके बाद बम जांच एवं निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) के विशेषज्ञों के साथ एक पुलिस टीम उपराष्ट्रपति के घर पहुंची और गहन जांच की गई। जांच में एक खोजी कुत्ते की भी मदद ली गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, यह धमकी एक अफवाह प्रतीत होती है। चेन्नई पुलिस को पिछले महीने से इस तरह की कई धमकियां ईमेल पर मिल रही हैं और भेजने वाले का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

अधिकारी अब ईमेल के स्रोत की जाँच कर रहे हैं और धमकी भेजने वालों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रसिद्ध संगीत निर्देशक इलैयाराजा के चेन्नई के टी नगर स्थित स्टूडियो को भी बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिसके बाद मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई की। तमिलनाडु के डीजीपी कार्यालय को भी भेजे गए इस ईमेल में दावा किया गया था कि घटनास्थल पर एक विस्फोटक उपकरण लगाया गया है। पुलिस टीमों ने बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) के साथ मिलकर इलैयाराजा के स्टूडियो और आसपास के परिसर की गहन तलाशी ली। गहन जाँच के बाद, अधिकारियों ने पुष्टि की कि कोई विस्फोटक नहीं मिला और धमकी को एक अफवाह घोषित कर दिया।

पिछले हफ़्ते, चेन्नई पुलिस को अभिनेता-राजनेता विजय के तमिलनाडु के नीलांगराई स्थित आवास पर बम की धमकी वाला एक कॉल आया। माना जा रहा है कि कॉल करने वाला व्यक्ति कन्याकुमारी का रहने वाला था, जिसने आपातकालीन नंबर 100 पर कॉल किया और कथित तौर पर चेतावनी दी कि अगर विजय भविष्य में कोई जनसभा करेंगे तो उनके घर पर बम लगा दिया जाएगा।

## महागठबंधन में सीट बंटवारे पर खींचतान!

### NDA की भारी जीत तय, विपक्ष दिशाहीन- संजय झा



**बिहार**

**बिहार** में 2025 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच, जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा ने शुक्रवार को विपक्षी महागठबंधन पर सीटों के बंटवारे को लेकर खीझ का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव के आखिरी दिन भी वे फैसला नहीं कर पाएंगे क्योंकि उनका एजेंडा बिहार के कल्याण के लिए काम करना बिल्कुल नहीं है। जद(यू) सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने प्रचार कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं और अन्य नेता भी आज से अपने अभियान शुरू कर रहे हैं।

पटना में पत्रकारों से बात करते हुए, जेडीयू सांसद संजय झा ने कहा कि आज नामांकन का आखिरी दिन है। एनडीए ने एकजुट होकर अपनी संख्याबल की घोषणा कर दी है... अन्य नेताओं के प्रचार कार्यक्रम भी आज से शुरू हो रहे हैं, लेकिन अगर विपक्ष की बात करें, तो आखिरी दिन भी यह तय नहीं है कि कौन कहाँ से चुनाव लड़ेगा, क्योंकि उनका एजेंडा बिहार के कल्याण के लिए काम करना बिल्कुल नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की जनता सब कुछ देख रही है और जो माहौल बन रहा है, वह एनडीए के पक्ष में भारी जीत है।

## सबरीमला गोल्ड स्कैंडल मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अब केरल सरकार पर बढ़ेगा सियासी दबाव

**केरल**

**केरल** के सबरीमाला मंदिर में गर्भगृह में द्वारपालक की मूर्तियों पर सोने की परत गायब होने का विवाद काफी ज्यादा चर्चा में बना हुआ है। एक प्रायोजक के रिश्तेदार के घर से गायब सोने की परत की बरामदगी के बाद त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) इस मुद्दे के केंद्र में है। एक बयान में, टीडीबी ने कहा है कि, 'दोषी पाए जाने वालों को निश्चित रूप से दंडित किया जाएगा, और उनके खिलाफ अनुकरणीय कार्रवाई की जाएगी।' 2019 में जीर्णोद्धार कार्य के बाद 4.5 किलोग्राम सोने की कमी के आरोपों से जुड़ी इस घटना के कारण केरल उच्च न्यायालय की निगरानी में एक विशेष जाँच दल (एसआईटी) द्वारा जाँच की गई है।

केरल के सबरीमला मंदिर से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु के व्यवसायी पोट्टी को तिरुवनंतपुरम के निकट पुलिमठ स्थित उसके आवास से बृहस्पतिवार को हिरासत में लिया गया था ।

## उत्तर प्रदेश दलित लिंचिंग पर गरमाई सियासत

### राहुल गांधी का आरोप- सरकार परिवार को धमका रही है

**उत्तर प्रदेश**

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली में लिंच किए गए दलित व्यक्ति हरिओम वाल्मीकि के परिवार से मुलाकात की। परिवार से मिलने के बाद, कांग्रेस नेता ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि सरकार ने पीड़ित परिवार को उनसे मिलने से मना किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी "परिवार को हर संभव मदद देने की पूरी कोशिश करेगी", और कहा कि "देश में जहाँ भी दलितों पर अत्याचार होगा, कांग्रेस वहाँ मौजूद रहेगी और हम हर संभव मदद करेंगे और न्याय के लिए लड़ेंगे।" वाल्मीकि (40) की कथित तौर पर ग्रामीणों ने 2 अक्टूबर की रात लगभग 1 बजे एक रात्रि जागरण के दौरान चोर समझकर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह अफवाह थी कि एक गिरोह चोरी के लिए घरों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है।

मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, गांधी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार परिवार को धमका रही है और उन्हें उनसे न मिलने का निर्देश दिया है।

कांग्रेस नेता ने कहा, "परिवार ने कोई अपराध नहीं किया है। उनके खिलाफ अपराध हुआ है और ऐसा लगता है कि वे ही अपराधी हैं। उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। उन्हें धमकाया जा रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "परिवार ने मुझे बताया कि सरकारी अधिकारियों ने परिवार को धमकाया है और मुझसे न मिलने का निर्देश दिया है।" उन्होंने परिवार के सामने आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डाला, जिसमें सर्जरी का इंतजार कर रही बेटी की चिकित्सा देखभाल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें पूरी तरह से बंद कर दिया है। गांधी ने कहा, "देश भर में दलितों पर अत्याचार, हत्याएं और बलात्कार हो रहे हैं। मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूँ कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए। उनका सम्मान किया जाना चाहिए। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें संरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए।"



यहाँ तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी एक्स से कहा कि कांग्रेस पार्टी देश भर में न्याय की लड़ाई में साथ देगी। उन्होंने पोस्ट किया हरिओम वाल्मीकि जी के परिवार ने कहा है कि सरकार ने उन्हें राहुल गांधी से न मिलने की धमकी दी थी। लेकिन यह महत्वपूर्ण नहीं है। जरूरी बात यह है कि इस अपराध को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। हमारा प्रयास हरिओम जी के परिवार की हर संभव मदद करना है। देश में जहाँ भी दलितों पर अत्याचार होगा, कांग्रेस पार्टी वहाँ खड़ी रहेगी और न्याय के लिए लड़ेगी।

इससे पहले, एक वीडियो सामने आया था जिसमें वामीकि परिवार ने कांग्रेस नेता से

# शुआट्स में परंपरागत ढंग से मनाया 14वां दीक्षांत समारोह

## कुलपति ने 'भूमि की सेवा करो, भूखों को भोजन दो' के विजन पर जोर दिया

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज ने शुक्रवार को अपने भव्य 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया, जिसमें अपनी चिरस्थायी विरासत का जश्न मनाया गया और स्नातकों की नई पीढ़ी को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया गया।

उत्सव के माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत श्रद्धा और उद्देश्य की भावना के साथ हुई। 2023, 2024 और 2025 के शैक्षणिक सत्रों के कुल 8,754 छात्रों को परिसर में ही डिग्रियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 453 पीएचडी, 3,886 स्नातकोत्तर, 3,963 स्नातक और डिप्लोमा प्राप्तकर्ता शामिल हैं।

कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी. लाल ने इस दिन की विशेष महत्ता पर जोर दिया और कुलाधिपति एवं सभी उपस्थित लोगों को बधाई दी। डॉ. लाल ने विश्वविद्यालय के आध्यात्मिक आधार पर जोर देते हुए कहा कि ईश्वर की सभी के लिए एक योजना है, और समुदाय से ह्यएक-दूसरे से प्रेम और सम्मान करने तथा एक अच्छे समाज का निर्माण करनेह्ल का आग्रह किया। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह द्वारा दिए गए प्रेम और शांति के संदेश पर प्रकाश डाला। कुलपति ने राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. लाल ने शुआट्स के एक छोटे से संस्थान से एक बड़े विश्वविद्यालय बनने तक के सफर का वर्णन किया, ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और संस्थापक डॉ. सैम हिगिनबॉटम के गहन दृष्टिकोण और मिशन ह्यभूमि की सेवा करो, भूखे को भोजन दोह्ल को याद किया। उन्होंने भारत में अकाल और भुखमरी से निपटने में डॉ. सैम के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया।

मुख्य अतिथि शुआट्स के कुलपति डॉ. जे.ए. ओलिवर ने एक भावपूर्ण भाषण दिया और स्नातकों से ह्यविकृति से संस्कृति की ओर बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने ह्यसंस्कृतिह्ल के महत्व पर जोर दिया और बताया कि जहाँ सच्ची संस्कृति होती है, वहाँ प्रेम, सद्भाव और सम्मान होता है, जो हमें साथ रहना सिखाता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. जॉन रॉबिन्सन ने कहा कि शिक्षा हमें कुशल नागरिक बनने के लिए तैयार करती है और जीवन में आगे बढ़ने का सर्वोत्तम तरीका है। उन्होंने व्यक्ति के सफर में शिक्षकों और शिक्षा के सर्वोच्च योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. जॉन रॉबिन्सन को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्वर्गीय रेवरेंड गुलजारी लाल स्मृति पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ स्नातक छात्रा) मेघना चतुर्वेदी और श्रेया नंदा को दिया गया। लक्ष्मी राव स्मृति पुरस्कार (फॉरेंसिक साइंस में मास्टर प्रोग्राम की सर्वश्रेष्ठ छात्रा) सुश्री जूली सिंह को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ स्नातकोत्तर पुरस्कार गौरव बनर्जी को दिया गया। समारोह में छात्रों में अपार उत्साह देखा गया, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक था। कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा राष्ट्रगान गाकर हुआ। दीक्षांत समारोह के दौरान प्रो वीसी (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए. लाल, प्रो वीसी (प्रशासन) प्रो. (डॉ.) बी. मेहरा, प्रो वीसी (पीएमडी) प्रो. (डॉ.) रितु प्रकाश दुबे, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) रानू प्रसाद, अपर कुलसचिव प्रो. (डॉ.) सी.जे. वेस्ली के साथ निदेशक, डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी और छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# नैनी में झोपड़ी में लगी आग, सामान जलकर खाक, नशे में धुत युवक ने लगाई आग



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के जेल रोड स्थित नया डाक खाना के पास गुरुवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने झोपड़ी को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा कपड़े और घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झोपड़ी धीरज यादव नामक व्यक्ति की थी। बताया जा रहा है कि धीरज अक्सर नशे में रहता है और गुरुवार रात अपने परिवार से झगड़े के बाद गुस्से में झोपड़ी में आग लगा दी। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि सफल नहीं हो पाए। फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर घटना की जांच शुरू कर दी है। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### बस अड्डे व रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**प्रयागराज।** दीपावली की धूम में घर लौटने की होड़ शुरू हो गई है। शुक्रवार से ही शहर के बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी। सिविल लाइंस, जीरो रोड और लीडर रोड जैसे प्रमुख बस अड्डों पर जगह-जगह परिवारों के साथ खड़े लोग बसों का इंतजार करते नजर आए। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के आते ही प्लेटफार्म ठसाठस भर गए, मानो माघ मेला का स्नान पर्व हो। पूर्वांचल, दिल्ली, वाराणसी, गोरखपुर, जौनपुर और बांदा जैसे रूट पर जाने वाले यात्री सुबह से ही जुटे रहे, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण घंटों इंतजार और खड़े होकर यात्रा करने की मजबूरी ने सबको परेशान कर दिया। सिविल लाइंस बस अड्डे पर सुबह आठ बजे से ही हड़बड़ी मच गई। बदलापुर रूट पर अनियंत्रित भीड़ देखकर अधिकारियों ने तत्काल विशेष बसें चलाईं। वर्कशाप में खड़ी बसों को भी सड़क पर उतार दिया गया। फिर भी, जौनपुर-गोरखपुर मार्ग पर सुबह 8.45 बजे अचानक उमड़ी तो सड़क पर जाम लग गया। दोपहर 11:30 बजे वाराणसी रूट पर सैकड़ों यात्री एक साथ पहुंचे।

# केबिल जलने के कारण गांव में अंधेरा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**अखंड भारत संदेश**



**बारा।** सौभाग्य योजना अंतर्गत जसरा ब्लाक के ग्राम परबेजाबाद यादव बस्ती विद्युति करण हुआ था, जहां मौजूदा समय में अंधेरा छाया हुआ है। ग्राम परबेजाबाद निवासी शिवेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे गांव यादव बस्ती परबेजाबाद में बिजली की केविल जल, जिसकी शिकायत कई बार करने के बाद भी आज तक जली हुई केविल नहीं बदली की जा सकी, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि बिजली विभाग के लापरवाही का नतीजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है।दीपावली नजदीक है और घरों में अंधेरा छाया है, इसका जिम्मेदार कौन है....?ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन परिणाम शून्य रहा। यादव बस्ती परबेजाबाद के ग्रामीण लाल जी यादव, रवीन्द्रनाथ यादव जयचंद्र यादव,मूरत यादव, तेजबहादुर यादव, लालचंद, राम अभिलाष, गिरजाशंकर यादव, राजेश यादव, फूलचंद विजयबहादुर ने कहा कि अगर दीपावली के पहले केविल बदली हो जाये तो घरों में उजाला हो जाये।

# जनक बाजार का अवलोकन करके श्री राम व लक्ष्मण हुए हर्षित



**करछना।** श्री रामलीला मंचन कमेटी करछना के कलाकारों की ओर से खेली जा रही रामलीला में दर्शकों की भीड़ जुट रही है। बृहस्पतिवार के रात्रि में जनक बाजार व जनक फुलवारी नामक रामलीला का मंचन हुआ। जिसमें अहिल्या उद्धार और गंगा अवतरण मंचन के बाद मुनि विश्वामित्र श्री राम और लक्ष्मण के सहित मिथिला नगरी में पहुंचे । राजा जनक उनके आगमन से बहुत प्रसन्न हुए। विश्वामित की आज्ञा से दोनों भाई जनक बाजार देख हर्षित हुए। वहीं विश्वामित की ओर से राजा जनक की फुलवारी से पूजन हेतु पुष्प मगांए गए। वही फूल चुनते समय फुलवारी में श्री राम और सीता आमने-सामने हुए । श्री राम को देख सीता हर्षित हो गई। और माता गौरी की विधि -विधान से पूजा की । और माता गौरी ने सीता की मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वचन दिया। इस मौके पर व्यास अजय सिंह, महेंद्र पाल सिंह, ध्रुवराज सिंह, अयोध्या प्रसाद द्विवेदी, लाल दिवाकर अनिल सिंह, सिंह, अवतार किशन सिंह, राकेश सिंह, विनोद सिंह काका, कुंवर सिंह, डॉक्टर वाई पी सिंह, लाल प्रभाकर सिंह,राजू सिंह, सूरज सिंह, सुनील द्विवेदी, रत्नाकर तन्हा, सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में दर्शक लोग मौजूद रहे।

# एक दिन प्रधानाचार्य का चार्ज मिलते ही शिक्षकों की लगाई क्लास

**वर्षा निषाद ने शिक्षकों की अटेंडेंस के साथ यूनिफॉर्म को लेकर भी क्लास लगाती हुई नजर आई।**

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** तहसील करछना क्षेत्र में जहां आमतौर पर विद्यार्थी जीवन में स्कूली छात्र-छात्राएं किताबों की दुनिया में उलझे रहते हैं। किसी नई मंजिल पाने की आस में सपना संजोकर दिन रात लगन के साथ पढ़ाई करते हैं। कई वर्षों के कड़े संघर्ष के बाद होनहार छात्रों को मंजिल मिलती है,तो वह अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा में समर्पित कर देते हैं। लेकिन अब छात्रों की राह आसान करने के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने अनूठा पहल किया है। सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति अभियान से न सिर्फ छात्राओं का हौसला बढ़ रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता भी मिल रही है। प्रदेश के विभिन्न सरकारी संस्थाओं में छात्राओं को एक दिन के लिए पदभार दिया जा रहा है। जिसे देखकर अन्य छात्रों में भी मंजिल पाने की नई ऊर्जा जागृति हो रही है। शुक्रवार को करछना क्षेत्र के बीरपुर स्थित श्रीमती जैपत्ती देवी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली 11वीं की छात्रा गरिमा कोटार्य तथा कटका गांव स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा सातवीं की छात्रा वर्षा निषाद को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक पुष्पराज सिंह व एमएल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विनोद कुमार मौर्या ने फूल माला पहना कर पदभार ग्रहण कराया। एक दिन की प्रधानाचार्य के रूप में दोनों छात्राओं ने चार्ज संभालते ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। साथ ही उनकी आत्म सुरक्षा को लेकर टिप्स भी दिए। इसके बाद विद्यालय का रोस्टर,आस-पास की साफ सफाई, शिक्षकों की कार्य प्रणाली, अनुशासन सहित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। वर्षा निषाद ने शिक्षकों की अटेंडेंस के साथ यूनिफॉर्म को लेकर भी क्लास लगाती हुई नजर आई। श्रीमती जैपति देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक पुष्पराज सिंह ने कहा सरकार की यह अनोखी पहल छात्राओं तथा महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंब बनाने में सत प्रतिशत कारगर साबित हो रहा है। इस मौके पर कविता पटेल, योगेश कुमार यादव, रविंद्र कुमार मौर्या, शिवकुमार पटेल सहीत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनीं राशि मिश्रा, शिक्षण और सुरक्षा पर दिया जोर



**प्रयागराज।** जारी कस्बे के स्वामी विवेकानंद पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा राशि मिश्रा, पिता सुशील मिश्रा निवासी जारी बाजार, को मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। इस दौरान राशि ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन, साफ-सफाई और शिक्षकों की समय पर उपस्थिति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों में सामंजस्य स्थापित करते हुए कक्षा शिक्षण और बच्चों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया। राशि ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें, विद्यालय की डायरी को पढ़कर हस्ताक्षर करें और मोबाइल का सीमित उपयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों का ड्रेस कोड होना चाहिए और बच्चों के उचित पहनावे का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बालिकाओं के लिए विद्यालय प्रांगण में चेंज रूम की व्यवस्था भी जरूरी है। कार्यक्रम में कौंधियारा थाना के कार्यवाहक उप निरीक्षक अमित तिवारी, उपनिरीक्षक निधि सिंह, उपनिरीक्षक प्रीति कुमारी, कांस्टेबल राहुल कुमार, सत्येंद्र पाल और साजित ने छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति और एंटी रोमियो फेज-5 अभियान के तहत आत्मरक्षा और सुरक्षा पर जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य अजय कुमार केसरवानी, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजू केसरवानी, वरिष्ठ अध्यापिका ममता सिंह, वरिष्ठ अध्यापक सत्य प्रकाश, लक्ष्मी द्विवेदी, आकांक्षा अग्रहरि, करन कुमार श्रीवास्तव, जागृति गुप्ता, खुशबू सोनी, स्नेहा द्विवेदी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### गरीबी और बीमारी की मार, प्राइवेट गार्ड अच्छेलाल का निधन



**प्रयागराज।** गंभीर कैंसर से पीड़ित प्राइवेट गार्ड अच्छेलाल (40) पुत्र चिरौंजी लाल, निवासी सेहरा थाना कौंधियारा, का निधन हो गया। अच्छेलाल महाराष्ट्र के बुम्बई सेक्टर 26 स्थित कुकुम सोसायटी में नौकरी कर अपने माता-पिता, पत्नी और सात बच्चों का पालन-पोषण कर रहे थे। एक वर्ष पहले जीभ में समस्या देखी गई थी, लेकिन अचानक 10 दिन में उनका गला पूरी तरह सूज गया। परिजनों ने कमला नेहरू अस्पताल और बीएचयू में इलाज कराया, लेकिन ऑपरेशन के लिए 5 से 7 लाख रुपये की राशि बताई गई, जो परिवार की पहुंच से बाहर थी। अच्छेलाल अपने पांच भाइयों में तीसरे नंबर के थे, सभी भाई महाराष्ट्र में ही प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। उनके पीछे पत्नी और सात बच्चे अरबिंद (15), जिगर (5), बुद्धिमान (2.5), कविता (13), कोमल (11), माया (9) और बेगम (7) असहाय रह गए। परिवार के सदस्य पहले भिक्षाटन पर निर्भर थे, लेकिन युवाओं के नौकरी के कारण स्थिति बदल गई। मजबूरी में अच्छेलाल भी पैत्रिक पेशा छोड़कर नौकरी करने महाराष्ट्र गए थे। उनकी असामयिक मौत ने पूरे परिवार को आर्थिक और मानसिक संकट में डाल दिया है।

### नवयुवक ब्राह्मण समाज की बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा



**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज प्रयागराज उत्तर प्रदेश की एक बैठक सहसों के हेतापट्टी में संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंडित अनुराग मिश्र के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन द्वारा समाज के लोगों से आपसी वैमनस्यता को दूर करने एवं एक दूसरे का सहयोग पर जोर देते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान ब्राह्मणों को अपने में ही चौराहों या दुकानों पर बैठकर बुराई एवं एक दूसरे पर दोषारोपण ना करना, समाज में कमजोर लोगों की मदद करना, समाज की व्यवस्था एवं समाज में शुद्धता के साथ आहार विहार-आचार विचार आदि बिंदुओं पर चर्चा शामिल रहा। इस अवसर पर संगठन द्वारा शासन सत्ता से आरक्षण, एससी एसटी एक्ट एवं जातिवाद को खत्म करने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र पंडित लवकेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री प्रमोद शुक्ल, उपाध्यक्ष सूर्यमणि पांडे, मंत्री भुनेश शुक्ल, मीडिया प्रभारी प्रवेश शुक्ल, गंगापार उपाध्यक्ष मनीष मिश्र, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, अमन मिश्र, राकेश पांडे, कृष्ण मिश्र, विजय तिवारी एवं राजमणि शुक्ल सहित आदि उपस्थित रहे।

### प्रयागराज में पिछले वर्ष की तुलना में 500 करोड़ रुपये अधिक कारोबार की उम्मीद

**प्रयागराज।** धनतेरस शनिवार को है और इसके पहले ही बाजारों में जबरदस्त रौनक दिखाई दे रही है। शहर की सड़कों पर लोगों की चहल-पहल, दुकानों की जगमगाहट और ग्राहकों की भीड़ देखकर यह साफ झलक रहा है कि त्योहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। ज्वेलरी, वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, बर्तन, कपड़े, सजावटी सामान और पूजन सामग्री की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ जुटी है। कैट के प्रदेश अध्यक्ष योगेश गोयल की मानें तो धनतेरस पर 2300 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 500 करोड़ रुपये अधिक रहेगा। सबसे अधिक बिक्री ज्वेलरी, वाहन व इलेक्ट्रानिक सेक्टर में होगी। सोने और चांदी की कीमतों में भले ही तेजी आई है, लेकिन ज्वेलरी शोरूमों में भीड़ कम नहीं हुई है।

# श्री मदभागवत में सुदामा चरित एवं परीक्षित मोक्ष कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता





**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** मेजा स्थित ग्राम सिरियारी में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में आज कथा व्यास श्री शम्भु शरण जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के बचपन के मित्र सुदामा जी की भाव पूर्ण कथा को कहकर पूरे कथा पंडाल को भाव विभोर कर दिया` आज पूरा पंडाल भक्तों से भर गया और विराम दिवस की कथा को सुनने के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा` कथा व्यास ने आज की कथा में कहा कि तक्षक नाग के द्वारा महाराज परीक्षित को जो श्राप लगा था शुकदेव जी से सात दिनों तक भागवत सुनने के बाद परीक्षित को अंत में मोक्ष प्राप्त हुआ` कथा आयोजक योगेश मिश्रा ने महाराज जी एवं यज्ञ में आए हुए सभी ब्राह्मणों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया और क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया` कथा व्यास ने कहा कि कल सुबह हवन एवं शाम को भंडारे के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का समापन हो जाएगा` आज विराम दिवस की कथा में मुख्य रूप से यजमान परिवार के साथ साथ ब्लाक प्रमुख करछना सरोज द्विवेदी, प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, ममता द्विवेदी, रत्नेश शुक्ला एडवोकेट, उमाशंकर पांडे एडवोकेट आशीष पांडे कन्हैया लाल पांडे भीम कुमार मिश्रा राकेश त्रिपाठी जयशंकर द्विवेदी अनुज मिश्रा अशोक शुक्ला, यश शुक्ला, रमेश मिश्रा, कपिलदेव मिश्रा, जवाहर लाल मिश्रा, गोपीनाथ प्रजापति, मुन्नू तिवारी, सुभाष पांडेय विनोद मिश्रा छोटेलाल विनोद मिश्रा छोटकउ राज सौरभ मानस अर्पित अर्पण भोलेनाथ शाश्वत आदि उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में व्यापारी से 20 हजार की लूट, तमंचा सटाकर वारदात को दिया अंजाम



**प्रयागराज।** घूरपुर बाजार में दिनदहाड़े एक शटरिंग मटेरियल की दुकान पर लूट की वारदात हुई। तमंचा सटाकर एक बदमाश ने व्यापारी से 20 हजार रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गया। शोर मचने पर जुटे आसपास के व्यापारियों की सूचना पर पुलिस पहुंची। बदमाश को पकड़ने की कवायद पुलिस कर रही है लेकिन अभी हाथ नहीं आया है, जबकि सीसीटीवी फुटेज में तस्वीर कैद बताई जाती है।

घूरपुर बाजार स्थित जसरा निवासी राजेश केशरवानी पुत्र स्वर्गीय छेदी लाल केशरवानी की शटरिंग मैटेरियल की दुकान है। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर करीब दो बजे एक युवक दोपहिया वाहन से दुकान पर पहुंचा। उसने राजेश से प्लाई दिखाने को कहा। वह प्लाई दिखाने लगे। इसी दौरान युवक की नजर उनकी जेब में रखे रुपये पर पड़ी।

राजेश का आरोप है कि युवक ने अचानक कट्टा जेब से निकालकर व्यापारी के पेट पर सटा दिया और धमकी दी कि जो भी पैसा जेब में है, तुरंत दो वरना गोली मार दूंगा। भयभीत व्यापारी ने अपनी जेब में रखे 20 हजार रुपये उसे दे दिए। रुपये लेते ही बदमाश बाइक स्टार्ट कर शहर की ओर फरार हो गया।

घटना के बाद भुक्तभोगी व्यापारी राजेश ने अपने बेटे ऋषभ को सूचना दी। उसने तुरंत डायल 112 पर काल कर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनसे पूछताछ की और मामले की जानकारी जुटाई। बाद में घूरपुर थाने से एक उपनिरीक्षक और सिपाही भी मौके पर पहुंचे।

हालांकि व्यापारी ने अभी तक थाने पर तहरीर नहीं दी है। जब इस संबंध में राजेश ने बताया कि 112 पर सूचना पुलिस को दी गई थी। घूरपुर पुलिस कह रही है कि दो दिन में आरोपित को पकड़ लिया जाएगा। बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में वारदात के बाद भागते समय बदमाश की तस्वीर कैद हो गई है।

उधर दिनदहाड़े लूट की घटना के बाद से घूरपुर बाजार के अन्य व्यापारियों में दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि लूट की घटना ने घूरपुर बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों की तैनाती की भी मांग की है।

**क्या कहते हैं घूरपुर थाना प्रभारी?**

घूरपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह से इस विषय पर पूछा गया तो उन्होंने ने बताया कि व्यापारी के बयान से कुछ संदिग्ध लग रहा है जांच की जा रही है।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी समानों का उपयोग करना है बेहद अहम : योगेश शुक्ल

## मेजा की पूर्व विधायक स्व.नीलम करवरिया के 56वें जन्मदिवस पर मेजा ब्लाक परिसर में बीडीसी सदस्यों और प्रधानों की बैठक आयोजित, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की की दी गई जानकारी






मेजा ब्लाक में आयोजित बीडीसी और प्रधानों की बैठक में श्रद्धांजलि देते भाजपा के लोग

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** पूर्व विधायक स्व.नीलम करवरिया के 56वें जन्मदिन के अवसर मेजा ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा की नेतृत्व में ब्लाक परिसर में श्रद्धांजलि समारोह के साथ साथ प्रधान और बीडीसी की बैठक आयोजित हुई जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद बीडीसी सदस्यों और प्रधानों को उपहार एवं मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कोरांव राजमणि कोल के प्रतिनिधि बबुआन द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता योगेश शुक्ला रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजा की पूर्व विधायक स्व.नीलम करवरिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात हुई। कार्यक्रम में सीएचसी मेजा के अधीक्षक डा शमीम अख्तर ने मरीजों के सुख सुविधा एवं बेहतर इलाज को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर जहां विस्तार से फोकस किया गया वहीं समाज कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम में मौजूद लोगों को एडीओ समाज कल्याण अधिकारी सुशांतू पांडेय ने दिया। इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी अमित कुमार ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि मेजा ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों में सरकार की जन लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों द्वारा सरकार की संचालित योजनाओं और उसके क्रियान्वयन पर विशेष फोकस करते हुए जानकारी दी गई। गौरतलब है मुख्य अतिथि की अनुपस्थिति में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने सर्व प्रथम स्व.नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित किया और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार जताते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी समानों का उपयोग करना बेहद अहम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा तथा संचालन ग्राम प्रधान गड़ेवरा अनिल शुक्ला ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष ई.नित्यानंद उपाध्याय, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय, मयंक शुक्ला राजेश्वरी तिवारी, राजेश पटेल, नंदलाल पटेल, कल्लू बिंद, विजय बहादुर सिंह पटेल तथा शिवकुमार शुक्ल आदि के अलावा बड़ी संख्या में बीडीसी और प्रधान तथा गणमान्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# दीपावली पर मंत्री नंदी और पूर्व महापौर अभिलाषा ने गरीब बच्चों को शॉपिंग मॉल में कराई खरीदारी

## पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने कहा कि दीपावली खुशियों और मिठास का त्यौहार है

**मंत्री नन्दी और प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बच्चों का स्वागत किया। सभी को लेकर ई रिक्शा पर बैठकर सिटी कार्ट मॉल में पहुंचे**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलित बस्तियों और झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को शॉपिंग मॉल में खरीदारी कराई। करीब 104 ई-रिक्शा से 344 परिवारों के 1490 बच्चे और उनके अभिभावक सिविल लाइंस सुभाष चौराहे पर पहुंचे। जहां मंत्री नन्दी और प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बच्चों का स्वागत किया। सभी को लेकर ई रिक्शा पर बैठकर सिटी कार्ट मॉल में पहुंचे। जहां पर मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर ने बच्चों को उनकी पसंद के अनुसार खरीददारी कराई। बच्चों ने दीपावली के लिए कपड़े और जूते खरीदे। मंत्री नंदी और प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने खुद मॉल से कपड़े लेकर बच्चों को पसंद कराए और उनकी पसंद के अनुसार कपड़े निकलवाते रहे। बच्चों को इस बात की पूरी छूट दी गई थी कि उन्हें कपड़े खरीदने के लिए न तो बजट देखना है और न ही बिल। बस केवल अपने पसंद के अनुसार कपड़े पसंद करने हैं। बच्चों ने किया भी बिल्कुल ऐसा ही। अपने मनपसंद के कपड़े खरीदे। स्टोर में खरीददारी करवाई. जहां के कपड़े और अन्य सामान बच्चों को बहुत पसंद आए. अपने मन पसंद कपड़े और अन्य उपहार पाकर दलित बस्तियों के बच्चे चहक उठे. उनकी खुशी का तो कोई ठिकाना ही नहीं था। मंत्री नंदी ने कहा कि खुशियां बांटने के पर्व दीपावली पर गरीब परिवार के बच्चों के चेहरे पर खुशी और मुस्कान देखकर खुशी मिलती है। क्योंकि गरीब हो या अमीर हर किसी को त्योहार मनाने का अधिकार है। हर किसी के जीवन में खुशियां छाएं, ऐसा हम सभी को प्रयास करना चाहिए। अगर ईश्वर ने हमें इस काबिल बनाया है कि हम किसी की मदद कर सकते हैं, उनके घरों में खुशियां ला सकते हैं तो हमें ऐसा जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी कोशिश के तहत हर साल गरीब परिवार के बच्चों के साथ दीपोत्सव का पर्व मनाते हैं और उनके चेहरे पर भी खुशियां लाने की कोशिश करते हैं। प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने कहा कि दीपावली खुशियों और मिठास का त्यौहार है। बच्चों के साथ इस तरह से पर्व मनाना सुखद अहसास है। हम सभी को गरीब बच्चों को साथ लेकर खुशियों को साझा करना चाहिए।

# प्रीचार्जपे एलएलपी फर्म से जुड़े पटाखा कारोबारी मोहम्मद कादिर की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निवेशकों का सौ करोड़ रुपये हड़प करने वाली प्रीचार्जपे एलएलपी फर्म से जुड़े पटाखा कारोबारी आरोपी मोहम्मद कादिर की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत नहीं दी जा सकती।

यह आदेश न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकलपीठ ने दिया है। प्रयागराज के शाहगंज थाने में मो.कादिर के खिलाफ निवेशकों से पैसा जमा कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज है। मामले में पुलिस विवेचना जारी है। आरोपी ने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की है। आरोपी के अधिवक्ता ने दलील दी कि उसे झूठा फंसाया गया है। उसका संबंधित फर्म से कोई संबंध नहीं है। सह अभियुक्तों मोहम्मद काशिफ व मोहम्मद आसिफ ने निवेशकों से पैसा जमा कराया है। उन्हीं लोगों से धन की बरामदगी की गई है।

शिकायतकर्ता व सरकारी वकील ने जमानत का विरोध किया। दलील दी कि चल रही विवेचना में आरोपी सहयोग नहीं कर रहा। निवेशकों ने आरोपी के कहने पर ही उक्त फर्म में रुपयों का निवेश किया था। उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी है। इसी की चलते ट्रायल कोर्ट ने अग्रिम जमानत नहीं दी। कोर्ट ने कहा ट्रायल कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। कुर्की कार्यवाही शुरू की गई है। निवेशकों ने पुलिस को बयान दर्ज कर कहा है कि आरोपी के कहने पर फर्म में पैसा जमा किया था। इसी के साथ कोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## युवक को चाकू मारी गई जख्मी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा ।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मिसिर पट्टी निवासी राम आसरे का आरोप है कि उनका पुत्र अजय कुमार घर में सोया था। गुरुवार की रात में अज्ञातों ने उसके नाभि में चाकू मार दिया। जिससे उसका गुप्तांग कट गया है। जख़्मी अजय कुमार के पिता राम आसरे ने मऊआइमा थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## कोटेदार के अनाज खाली होने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** खाद्य एवं रसद विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत सराय सुल्तान ऊर्फ पूरे मखदूम स्थित कोटेदार शिवपूजन की दुकान का निरीक्षण किया, जहां गेहूं, चावल और चीनी का स्टॉक पूरी तरह खाली मिला। जबकि दुकान पर 58 क्विंटल चावल, 40 क्विंटल गेहूं और 12 किलोग्राम चीनी उपलब्ध होना चाहिए था। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर भी अद्यतन नहीं पाया गया। जिसपर आपूर्ति निरीक्षक अजय कुमार मिश्र ने कोटेदार शिवपूजन के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# हुनर को मिली हौसले की उड़ान, दिव्य दीपावली मेले का भव्य शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दिव्यांगजनों के हुनर, कौशल और स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु विकास भवन प्रांगण, प्रयागराज में मण्डल स्तरीय ह्लदिव्य दीपावली मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया। शुभारंभ के उपरांत जिलाधिकारी महोदय ने दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और उनके नवाचार एवं आत्मनिर्भरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मेला दिव्यांगजनों के हौसलों को पंख लगाने का कार्य करेगा।

मेले में विभागीय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं जैसे- बचपन डे केयर सेंटर, राजकीय मानसिक ममता विद्यालय, भाविनी वेलफेयर सोसाइटी, मूर्ति देवी महिला गृह उद्योग, द स्कूल होम फॉर ब्लाइंड असाइलम, माता कलावती कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन, रेड ईगल आशा स्कूल, चेस्टा फाउंडेशन, उ.प्र. मूक-बधिर विद्यालय, दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान (कौशांबी), एस.एन. सेवा संस्थान, जनचेतना संस्थान, मां गंगा देवी दिव्यांग सेवा संस्थान, भावना दिव्यांग विद्यालय (फतेहपुर), नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय, रूद्रवाणी दिव्यांग विद्यालय एवं सेवा केन्द्र, श्रीराम चैरिटेबल ट्रस्ट आदि ने सहभागिता की। इन संस्थाओं के स्टॉलों पर रंग-बिरंगे दीये, मिट्टी की मूर्तियां, जूट बैग, मोतियों की माला, मोमबत्तियाँ, धूप-अगरबत्ती सहित कई स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उप निदेशक (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) अभय कुमार श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सन्तोष कुमार, उपायुक्त (एनआरएलएम) अशोक कुमार गुप्ता, तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सिविल लाइंस, चौक व कटरा जाने वाले मार्गों पर भीषण जाम

**प्रयागराज।** छह दिवसीय दीवाली पर्व से पहले ही शहर की सड़कों और बाजार में ऐसी भीड़ उमड़ी कि जगह-जगह जाम लग गया। धनतेरस के एक दिन पहले यानी शुक्रवार को जाम के झाम में शहर जकड़ गया, जिससे लोगों के पसीने छूट गए। शुक्रवार दोपहर से जाम लगना शुरू हुआ तो रात आठ बजे तक जारी रहा। सिविल लाइंस, चौक व कटरा जाने वाले मार्गों पर ऐसा भीषण जाम लगा कि स्थानीय थाने की पुलिस के साथ ही यातायात पुलिसकर्मी हांफ गए। हालत ऐसी रही कि खुद यातायात निरीक्षकों को सड़क पर उतरना पड़ा, तब जाकर जाम से धीरे-धीरे लोगों को राहत मिली।

त्योहारी सीजन होने के चलते लोग बाजारों में खरीदारी को पहुंच रहे हैं। दोपहिया के साथ ही कार से लोग पहुंचे तो जाम लगने लगा। ई-रिक्शा की बड़ी संख्या ने भी भीषण जाम लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सिविल लाइंस स्थित एमजी मार्ग व एसपी मार्ग की तरफ जाने वाली सभी सड़कों पर वाहनों की कतार लगी रही। सैकड़ों वाहन इसमें फंसे रहे।

उधर, कटरा बाजार की तरफ जाने वाले मार्गों की भी यही हालत रही। सबसे खराब स्थिति चौक जाने वाले मार्गों की रही। बिजली घर चौराहे से जानसेनगंज, सुलाकी चौराहे से लोकनाथ, जानसेनगंज चौराहे से घंटाघर, हीवेट रोड से चौक, जीरो रोड, नखासकोहना, मानसरोवर चौराहा समेत कई जगह वाहनों की कतार लगी रही। धनतेरस से दीपावली तक चौक व कटरा बाजार में ई-रिक्शा व कार का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार सिविल लाइंस व धूमनगंज में धनतेरस पर ई-रिक्शा व कार का आवागमन नहीं होगा। इसे लेकर जगह-जगह बैरिकेडिंग की जाएगी। इसके लिए 148 यातायातकर्मी तैनात किए गए हैं। इसमें यातायात निरीक्षकों के साथ ही 55 टीएसआइ भी रहेंगे। चौक व कटरा क्षेत्र में 18 से 20 अक्टूबर तक ई-रिक्शा व कार के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सिविल लाइंस व धूमनगंज क्षेत्र में 18 अक्टूबर को ही ई-रिक्शा व कार के आवागमन को रोक रहेगी। हालांकि, भीड़ देखते हुए यहां 19 व 20 को भी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

# सामाजिक जीवन में एकता प्रेम और सद्भाव का दीप जलाना है बेहद अहम : राजू शुक्ला

## मेजारोड स्थित डीजीएस गेस्ट हाउस में क्षेत्र के चर्चित जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला राजू भैया के नेतृत्व में आयोजित हुआ भव्य दीपोत्सव महोत्सव कार्यक्रम





दीपोत्सव महोत्सव में मां शीतला की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते राजू शुक्ला व अन्य लोग

**मेजा।** दीपोत्सव महोत्सव के अवसर पर भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुँचकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय, राजू समदरिया, तथा वरिष्ठ भाजपा नेता जय शंकर पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने माँ शीतला देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम स्थल का संपूर्ण वातावरण में भक्ति और उत्सव का माहौल व्याप्त हो गया। इस अवसर पर भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दीपोत्सव का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। हमें अपने जीवन में एकता, प्रेम और सद्भाव का दीप जलाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के विकास और सेवा के लिए संकल्पबद्ध है।इस दौरान भाजपा नेता ने क्षेत्रवासियों को उपहार और मिठाई भेंट कर दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भजन संध्या और दीपदान के आयोजन ने उत्सव की गरिमा को और बढ़ा दिया जिसका उपस्थित नागरिकों ने जनसेवक एवं भाजपा नेता राजू भैया के द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में धार्मिक और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करते हैं। इस मौके पर ई.नित्यानंद उपाध्याय, जयशंकर पांडेय,राजू समदरिया और सिद्धांत तिवारी आदि के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, महिलाएँ और युवा शामिल रहे। कार्यक्रम के संचालन में भाजपा कार्यकताओं की भूमिका अहम रही।

# भाजपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर स्व.नीलम करवरिया को दी श्रद्धांजलि

## कहा -राजनीति में मेजा की पूर्व विधायक स्व.नीलम के संघर्ष भरे जीवन को कभी भुलाया नहीं जा सकता

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** पूर्व विधायक स्व.नीलम करवरिया के 56वें जन्मदिवस के अवसर लखनपुर में राजीव तिवारी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों को उपहार एवं मिठाई बांटी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवदत्त पटेल तथा विशिष्ट अतिथि विनोद प्रजापति रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिवदत्त पटेल ने कहा कि पूर्व विधायक स्व.नीलम करवरिया द्वारा क्षेत्र में किया गया विकास और उनके संघर्ष भरे जीवन को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।



पूर्व विधायक स्व.नीलम करवरिया के जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि देते भाजपाई

इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि विनोद प्रजापति ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व नीलम करवरिया कांटे भरी राहों पर चलकर मेजा के गौरव को बढ़ाया है आज उनकी कमी संपूर्ण मेजा वासियों को खल रही है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों को उपहार एवं मिष्ठान वितरित भी किया गया। इस मौके पर ई नित्यानंद उपाध्याय, नाथू गुप्ता, सिद्धांत तिवारी, सत्येंद्र नाथ तिवारी, डॉक्टर रामेश्वर, धर्मेंद्र नाथ, विश्वम्भर नाथ, अनिल त्रिपाठी, आल्हा तिवारी, बुलबुल पांडेय, शिवम मिश्रा, शशांक द्विवेदी, अभय सिंह तथा मुन्नन पांडेय आदि के के अलावा कई अन्य भाजपाई प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप तिवारी ने किया।

## आरओ/एआरओ-2023 मुख्य परीक्षा को लेकर आ गया जरूरी नोटिफिकेशन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ)-2023 की मुख्य परीक्षा के लिए सफल अभ्यर्थियों से आनलाइन आवेदन मांगा है। आयोग ने शुक्रवार को पत्र जारी कर स्पष्ट किया कि अभ्यर्थी अपनी सूचनाएं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से 31 अक्टूबर तक भर सकेंगे। ओटीआर नंबर और पासवर्ड या ओटीपी के माध्यम से लाग-इन कर प्रमाणीकरण करना होगा। शुल्क का भुगतान एसबीआइ एमओपीएस पोर्टल के जरिए होगा। आनलाइन भुगतान के साथ ही एसबीआइ ई-चालान मुद्रित कर नकद भुगतान भी किया जा सकेगा। आरओ/एआरओ-2023 भर्ती के लिए 10,76,004 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शुएब अहमद पुत्र अजीज उल्ला निवासी 319/142 अ चकिया जीटीबी नगर तहसील सदर थाना खुल्दाबाद जनपद प्रयागराज का निवासी हूं मेरे बालिंग पुत्र मोहम्मद आदिल का चाल चलन ठीक नहीं है वह गलत लोगों के संगत में है समझाने पर वह मानता नहीं है उसकी गलत हरकतों से परिवार की मान मयार्दा खराब हो रही है उसकी गलत हरकतों से परेशान होकर के आज की तारीख से अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से मोहम्मद आदिल को बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कार्य अथवा आर्थिक लेनदेन से मेरा और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**शुएब अहमद पुत्र अजीज उल्ला निवासी 319/142 अ चकिया जीटीबी नगर तहसील सदर थाना खुल्दाबाद जनपद प्रयागराज।**





# सात खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 01 खाद्य पदार्थ का नमूना किया संग्रहित

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० लखनऊ के आदेश के अनुपालन में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूजपर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्यध्येय यथा-खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाइयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल, वनस्पति, रंगीन मीठे खिलौने एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कर मिलावटी खाद्य पदार्थों केण्डाराधिक्य को प्रतिबन्धित करने व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा आज जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित 07 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 01 खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचल दल द्वारा 17 अक्टूबर को सदर मोड़ प्रतापगढ़ स्थित डोमिनो से पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन रोड स्थित गांगुली स्वीट्स, चैक घण्टाघर स्थित सुरेश स्वीट्स, बाबगंज स्थित बंधन स्वीट्स, चैक घण्टाघर स्थित किशोरी स्वीट्स, अम्बेडकर चैराहा स्थित अमृत स्वीट्स व अम्बेडकर चैराहा स्थित मौर्या स्वीट्स के खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया।इस प्रकार दिनांक 08.10.2025 से 17.10.2025 तक कुल 82 निरीक्षण एवं 37 नमूनें संग्रहित किये गये हैं। इस प्रकार अभियान में अब तक कुल 519 किलोग्राम विनष्ट कराया गया है, जिसका मूल्य 131200 रूपय है। इसी प्रकार 1476 किलोग्राम सामग्री जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 230553 रूपय है। खाद्य सचलदल अभियान में रोशन सिंह,यादव संजय कुमार नन्हकू, संतोष कुमार दूबे, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डा० तूलिका शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के तहत ग्राम पंचायत टिकरी विकास खण्ड मानधाता में जागरूकता चैपाल कार्यक्रम का आयोजन चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम व ग्राम पंचायत भेमौरा विकास खण्ड लालगंज में जागरूकता चैपाल कार्यक्रम का आयोजन हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को विभाग द्वारा संचालित योजनायें जैसे-निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरसिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिलाओंध्बालिकाओं को घरेलू हिंसा, दहेज उन्मूलन विषयों पर चर्चा की गयी एवं हेल्पलाइन नम्बर 1090, 181, 112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा कुल 07 निराश्रित महिलाओं के पेंशन हेतु आवेदन कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान एवं आशा बहुये, आँगनवाडी, कार्यकत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

## मत्स्य पालन आवंटन शिविर में एक सौ दो ने किया आवेदन

**लालगंज।** तहसील सभागार में मत्स्य पालन के लिए आवंटन शिविर में एक सौ दो लाभार्थियों ने आवेदन किये। मत्स्य पालन के लिए शासन द्वारा तालाब आवंटन के पटटे को लेकर सभागार में बोली की प्रक्रिया में दिन भर गहमागहमी दिखी। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार व मत्स्य पालन अधिकारी कमलेश बौद्ध ने आवेदनों की पात्रता की जांच के लिए टीम का गठन कराया है। प्रभारी तहसीलदार ने बताया कि आवेदन पत्रों को लेकर पात्रता रिपोर्ट आने के बाद आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

# न्यूज झरोखा

## भगवत नाम जाप में है जीवन का सुमंगल-पं. माधवपति जी



**लालगंज।** नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में शुक्रवार को हो रही श्रीमदभागवत कथा के विश्राम दिवस में लोकमंगल के लिए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सार सुनकर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथाव्यास पं. माधवपति त्रिपाठी जी महराज ने कहा कि द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण जी ने अपनी विभिन्न लीलाओं में धर्म के पालन और सदाचरण के जीवन का मार्गदर्शन किया है। उन्होने कहा कि अधर्म के रास्ते पर चलना जीव के लिए सदैव दुखदायी रहा है। पं. माधवपति जी ने कहा कि भगवान के नाम का जाप ही जीवन का सुमंगल है। उन्होने कहा कि धर्म को मानना और उसका पालन करना सनातनी का सबसे बड़ा कर्तव्य है। कथाव्यास पं. माधवपति जी ने कहा कि धमार्नुरागी कभी भी किसी अन्य जीवन का अमंगल सोच भी नही सकता। उन्होने कहा कि स्वयं को दुख में रखते हुए भी दूसरों के अधिकार की रक्षा के लिए सजग रहना धर्म का मूल है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा को सुनने के साथ साथ जीवन पथ पर इससे मिलने वाली सीख को भी अपनाना चाहिए। उन्होने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में नैतिक जीवन जीने की हमें सीख मिला करती है। उन्होने कहा कि यह ग्रन्थ जीवन का उपदेशात्मक मार्गदर्शन है। कथा के दौरान हरे कृष्ण हरे राधे के सामूहिक संकीर्तन में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कथा के संयोजक पूर्व चिकित्साधीक्षक डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, जयकृष्ण शुक्ल, डा0 आशीष शुक्ल, दयावती शुक्ला, रीतू शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, गरिमा शुक्ला ने व्यासपीठ का मंगलाभिषेक किया। संयोजन समिति की ओर से डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल ने शिक्षा तथा साहित्य व समाज के क्षेत्र में योगदान के लिए गणमान्यजनों को द्वारिकाधीश का मोमेण्टो प्रदान कर सम्मानित भी किया। श्रद्धालुओं का स्वागत डा0 प्रतिमा एवं डा0 रमेशचंद्र पाण्डेय ने किया। डा0 संस्कृति ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, दयाशंकर पाण्डेय, आचार्य शक्तिधरनाथ पाण्डेय, डॉ0 ज्ञानेन्द्र नाथ त्रिपाठी, डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा, डॉ0 डीपी ओझा, केडी मिश्र, प्रो0 आरपी शुक्ला, डा0 आरएस त्रिपाठी, विशालमूर्ति मिश्र, गुरूवचन सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, सूर्य नारायण तिवारी, गिरीश मिश्र, दिवाकरनाथ शुक्ल, आचार्य विनोद मिश्र आदि रहे।

## तेज रफ्तार डंफर ने भैंस को मारी टक्कर हालत गंभीर

**बेलखरनाथ धाम।** रानीगंज थाना क्षेत्र के बुढौरा कुम्भापुर गांव निवासी कुंवर बहादुर सिंह पशुपालन कर परिवार का भरण पोषण करते है। प्रत्येक दिन की भांति शुक्रवार की शाम पशुओं को चराकर घर ले आ रहे थे। अभी वह रानीगंज पट्टी रोड पर प्रेम नगर बाजार के पास पशुओं को सड़क पार करा रहे था कि रानीगंज से पट्टी की तरफ जा रही तेज रफ्तार डंफर सवार ने भैंस को जोरदार टक्कर मार दी जिससे भैंस सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर जीवन मौत से संघर्ष करने लगी। घटना देखते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुड़ गई। अपने को फसता देख डंफर चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पशुपालक ने जामताली चैकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चैकी पुलिस मौके पर पहुंचकर डंफर को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। तेज रफ्तार डंपर के टक्कर से घायल भैंस की दशा देखकर सभी को तरस आ रहा था। और सभी डंफर चालक की लापरवाही बता रहे थे। देखना है इस मामले में डंफर चालक के खिलाफ पुलिस क्या कार्रवाई करती है। फिलहाल मामला जामताली क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ।

## धता बताकर ऐंठ लिया आठ हजार, दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** पीड़ित को धता बताकर आरोपी ने उसके आठ हजार रुपए हडप लिये। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के चकसिलौधा दर्रा निवासी शशिधर पाण्डेय पुत्र स्व0 मथुरा प्रसाद पाण्डेय ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह अक्टूबर को वह प्रतापगढ़ से लालगंज लौट रहा था। प्रतापगढ़ रोडवेज बस अड्डे पर एक कार चालक ने उसे लालगंज के लिए बैठाया। दिन में करीब सवा एक बजे वह लालगंज में कार से उतरा। इसी बीच दो अज्ञात बाइक सवार आरोपी उससे पांच सौ रुपए का छुटटा मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने दस रुपए देने की गुजारिश की। उसने अपनी पन्नी में से आरोपियों को दस रुपए निकालने को कहा। तब आरोपी उसकी पन्नी लेकर फुर्र हो गये। पीड़ित के मुताबिक पन्नी में आठ हजार रुपए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की देर रात केस दर्ज किया है।

## मारपीट व धमकी को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** खेत में लघुशंका से मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित को हमले में चुटहिल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पाना का पुरवा ढ़िगवस निवासी पंकज कुमार यादव पुत्र स्व0 रामदुलारे यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि वह पन्द्रह अक्टूबर को सुबह दस बजे अपने खेत में बुआई करा रहा था। तभी गांव का जगन्नाथ यादव उसके खेत में लघुशंका करने लगे। पीडित ने मना किया तब आरोपी ने गालीगलौज किया। इसी बात को लेकर थोडी देर में जगन्नाथ का पुत्र विपिन यादव ने गालीगलौज करते हुए सब्बल से हमला कर दिया। इससे पीड़ित को गंभीर चोटें आ गयी। आरोप है कि जगन्नाथ यादव की पत्नी सीमा देवी ने भी पीड़ित व उसके परिवारजनों को धमकाते हुए गालीगलौज की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विपिन यादव व सीमा के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर गुरूवार की रात केस दर्ज किया है।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, थाने पर दी तहरी

**पट्टी।** दो पक्षों के बीच शुक्रवार को मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर आधारगंज गांव निवासी मोनिका पत्नी विवेक सरोज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात करीब 11 बजे पड़ोस की एक युवती उसके घर में घुस गई। खटपट की आवाज सुनकर जब वह और उसकी जेठानी उठी तो वह ईट की दीवार फादकर बाहर चली गई। इसी बात को लेकर शुक्रवार को दोनों पक्षों में कहा सुनी के दौरान मारपीट हो गई। मारपीट में मोनिका व उसकी जेठानी अर्चना को विपक्षियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से नीतू पुत्री घनश्याम ने भी मोनिका व उसकी जेठानी पर गंभीर आरोपों का प्रार्थना पत्र दिया है। मोनिका द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि वह वर्तमान समय में गर्भवती है विपक्षी उसके गर्भ में भी प्रहार कर दिया है। जिससे उसके पेट में पीड़ा हो रही है। दोनों पक्ष शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिए हैं। पुलिस प्रार्थना पत्रों के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।




## प्रभु श्रीराम के जन्म लेते हुए खुशी से झूम उठे श्रोत्रा

**प्रतापगढ़।** जन जागरण समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा संस्कार यज्ञ के तीसरे दिन प्रभु श्रीराम के जन्म लेते ही श्रोत्रा खुशी से झूम उठे। पुष्प वर्षा के साथ ही महिलाओं ने मंगलगीत गाया जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। विश्वनाथगंज स्थित पूरे अजमेरशाह गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा संस्कार यज्ञ में राष्ट्रावादी कथावाचक पंडित सच्चिदानंद महाराज ने प्रभु श्रीराम के जन्म के समय का वर्णन किया तो मानो ऐसा लग रहा था कि पूरा सभी देवी देवता पंडाल में प्रभु श्रीराम के स्वागत में खड़े है। चारों तरह खुशी का महौल दिखा। महिलाएं मंगलगीत गा रही थी। श्रोताओं पर पुष्प वर्षा की जा रही है। इस दौरान संयोजक अजय प्रताप सिंह ने संस्कार यज्ञ में पहुंचे बच्चों को शपथ दिलाई। जिसमें उन्होंने बाहर की वस्तुओं व भोजन का बहिस्कार करने व स्वदेशी रहन-सहन खान-पीन अपनाने की शपथ दिलवाई। इस दौरान सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

# सदभावना के संदेशवाहक बद्री प्रसाद पाण्डेय के जन्मदिन पर एकता का लिया गया संकल्प

## पूरे छतऊ के सदभावना गार्डेन में विचारकों तथा साहित्यकारों ने राष्ट्रीयता का भरा जोश

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** तहसील के ढ़िगवस क्षेत्र के पूरे छतऊ स्थित सदभावना गार्डेन में सुप्रसिद्ध समाजविद एवं सदभावना के संदेशवाहक रहे स्व0 पं0 बद्री प्रसाद पाण्डेय का जन्मदिन राष्ट्रीय सदभावना समारोह के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्याधिकारी डॉ0 अखिलेश मिश्र एवं धमार्चार्य हयात उल्लाह चतुवेर्दी एवं धमार्चार्य अनिरूद्ध रामानुजदास ओमप्रकाश पाण्डेय व संयोजक डॉ0 शक्ति कुमार पाण्डेय ने स्व0 पं0 बद्री प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में चोटी के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से सदभावना का माहौल भी बनाया। मुख्य अतिथि डॉ0 अखिलेश मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के साथ राष्ट्रीय सदभावना राष्ट्र की सशक्त पूंजी है। मुख्य वक्ता मौलाना हयात उल्लाह चतुवेर्दी ने पं0 बद्री प्रसाद की विचारधारा को राष्ट्रीय एकसूत्रता के लिए प्रेरणास्पद बताया। संयोजक डॉ0 शक्ति कुमार पाण्डेय ने स्वागत भाषण में स्व0 पं0 बद्री प्रसाद के सहिष्णु व्यक्तित्व के बहुआयामी गुणों पर प्रकाश डाला। धमार्चार्य ओमप्रकाश पाण्डेय, प्रख्यात अधिवक्ता पं0 लोकतंत्र सेनानी पं0 रामसेवक त्रिपाठी ने भी राष्ट्रीय सदभावना के मूल्यों पर सारगर्भित विचार रखे। प्रयागराज के संघ संचालक विजय कुमार पाण्डेय, आरएसएस के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश, समाजसेवी शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता आलोक कुमार पाण्डेय, बौद्धिक प्रमुख डॉ0 सौरभ पाण्डेय ने भी स्व0 बद्री प्रसाद के कृतित्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ साहित्यकार राजमूर्ति सिंह सौरभ, व्यंगकार डॉ0 राजेन्द्र राज, आचार्य अनीस देहाती व कवि प्रेमकुमार त्रिपाठी ने काव्यपाठ के जरिए सदभावना व समरसता का संदेश दिया। संचालन सुमधुर गीतकार सुनील प्रभाकर ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता विनायक कुमार पाण्डेय, सुरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, शिक्षक नेता राजेश मिश्र, सुशील कुमार पाण्डेय, दिवाकर पाण्डेय, रूपेश पाण्डेय मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति की गयी स्थानान्तरित

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं से आच्छादित कक्षा 9, 10, 11 व 12 के छात्र/छात्राओं को के कर-कमलों से छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने हेतु ह्यह्यछात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रमह्यह्य का आयोजन लोक भवन सचिवालय लखनऊ में किया गया। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया गया। जनपद के सम्बन्धित विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों जिनके छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गयी है, उन सभी विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। पूर्वदशम् (कक्षा-9, 10) में अनुसूचित जाति के 5233 छात्रध्छात्राओं को 73.26 लाख, सामान्य वर्ग के 2769 छात्रध्छात्राओं को 83.07 लाख, पिछड़ा वर्ग के 10153 छात्र व छात्राओं को 215.03 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 1060 छात्रव छात्राओं को 30.96 लाख इस प्रकार कुल 19215 छात्रव छात्राओं को 400.23 लाख की धनराशि वितरित की गई है। दशमोत्तर (कक्षा - 11, 12) में अनुसूचित जाति के 4316 छात्रध्छात्राओं को 51.88 लाख, सामान्य वर्ग के 2955 छात्रध्छात्राओं को 89.25 लाख, पिछड़ा वर्ग के 1012 छात्रध्छात्राओं को 31.16 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 791 छात्रध्छात्राओं को 23.63 लाख, इस प्रकार कुल 9074 छात्रध्छात्राओं को 195.94 लाख की धनराशि वितरित की गई है। पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं व अधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष दूबे द्वारा छात्राओं को छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता यादव, उप प्रधानाचार्य डा0 मो0 अनीस सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं छात्रायें उपस्थित रही। इसी प्रकार अन्य विद्यालयों में छात्रवृत्ति वितरण समारोह का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

## श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ की मुहिम को लेकर राजन जी महराज से लिया आशीर्वाद

**कुण्डा।** श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किये जाने की मुहिम को लेकर शुक्रवार को समिति के पदाधिकारियों ने परानूपुर पहुंचकर जाने माने कथावाचक राजन जी महराज का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया। श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में पहुंचे समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय सन्त राजन जी महराज को बाबा घुइसरनाथ का चित्र एवं महोत्सव दर्पण भेंट किया। समिति के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कथा में आये श्रीराम भक्तों को भी समिति के अभियान को लेकर जागरूक किया। समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने अभियान के जागरूकता अभियान में सहयोग के लिए कथा संयोजक आनन्द पाण्डेय के प्रति आभार प्रदर्शन भी किया। प्रतिनिधि मण्डल में सह संयोजक अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, आशीष तिवारी, विपिन शुक्ल, मोनू पाण्डेय, दिनेश सिंह, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, लाल अंकित प्रताप सिंह आदि रहे।

# आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को दी गयी वित्तीय जानकारी



**प्रतापगढ़।** व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओध्युवतियों को वित्तीय प्रवन्धन हेतु रूपेश यादव शाखा प्रबन्धक एवं मीना पाल सहायक प्रबन्धक एस०बी०आई० भगवा चुंगी द्वारा वित्तीय जानकारी दी गई। इस अवसर पर आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार द्वारा बताया गया कि वित्तीय प्रबन्धन का अर्थ है किसी संगठन के वित्तीय संसाधनों की योजना बनाना, उन्हें व्यवस्थित करना और नियंत्रित करना, ताकि उसके लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके, इसमें धन के प्रवाह, नकदी प्रवाह का प्रबन्धन, बजट बनाना, निवेश निर्णय लेना और जोखित कम करना जैस कार्य शामिल हैं, इसका उद्देश्य कम्पनी की वित्तीय स्थिरता और लाभप्रदता को बढ़ाना होता है। वित्तीय प्रबन्धन एक व्यावसायिक कार्य है जिसमें अल्पावधि और दीर्घावधि व्यवसाय हेतु धन की आवश्यकता का अनुमान लगाना है। कार्यक्रम में मंजीत, पुष्पा, अलका यादव, सारिका, मोहिनी आदि अनुदेशक एवं प्रशिक्षण केन्द्र के समस्त स्टॉप उपस्थित रहें।

# सुखपालनगर में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया है कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपाल नगर में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें अधीक्षक डा० दिनेश कुमार सरोज, डा० निधि शुक्ला तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, सनेटरी पैड वितरण किया गया, शगुन कीट वितरण किया गया, नियमित टीकाकरण के अर्न्तगत बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण एंव प्रसव पूर्व जाँच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता प्रदान की गयी तथा दवा वितरण किया गया।

## छींटाकशी के आरोप में युवक को भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत लालगंज पुलिस ने अश्लील हरकत करने के एक आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्रराम मिशन शक्ति टीम की प्रभारी दीपिका सिंह के साथ सोलह अक्टूबर की शाम गश्त पर निकले थे। पुलिस को सूचना मिली कि रानीगंज कैथौला से देल्हूपुर मार्ग पर एक आरोपी महिलाओं को देखकर अश्लील गाना गा रहा है। शिकायत में आरोपी द्वारा महिलाओं के साथ छींटाकशी की भी बात सामने आयी है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी कलापुर निवासी रामबक्श सिंह के पुत्र राहुल सिंह को हिरासत में ले लिया। दरोगा राजेन्द्रराम की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# महिला मत्स्य पालकों को ग्रामसभा टेकीपट्टी में किया गया जागरूक



**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने बताया है कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिला मत्स्य पालको को मत्स्य पालन सम्बन्धी प्रशिक्षण, एन०एफ०डी०बी० पोर्टल पर पंजीकरण तथा मछुआ दुर्घटना बीमा का पंजीकरण शिविर मत्स्य पालन विभाग द्वारा ग्राम टेकीपटटी विकास खण्ड बिहार में कुल 30 महिला मत्स्य पालको द्वारा प्रतिभाग किया गया, उपस्थित महिला मत्स्य पालको का एन०एफ०डी०बी० पोर्टल पर पंजीकरण तथा मछुआ दुर्घटना बीमा का पंजीकरण कराया गया।

# करिस्ता में खुलेगी सच्चा बाबा आश्रम की शाखा, बनेगा खाटू श्याम बाबा मंदिर

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिले के मकूनपुर के पास स्थित करिस्ता गांव के किसान अशोक कुमार मिश्र ने धर्म कार्य के लिए भूदान का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत कर सामाजिक क्षेत्र में प्रेरणा की अलख जगायी है। अशोक ने अपनी पांच बिस्वा जमीन धर्म कार्य के लिए दान किया है। अब सामूहिक सहयोग व संकल्प से इस जमीन पर खाटूश्याम बाबा व सच्चा बाबा का भव्य मंदिर, यज्ञशाला आदि के निर्माण की पहल हुई है। शुक्रवार को महंत मनोज ब्रम्हचारी की अगुवाई में भव्य भूमि पूजन हुआ। प्रतापगढ़ के लिए खास बात यह होगी कि खाटूश्याम बाबा का यह पहला मंदिर होगा। भूमिपूजन में वैदिक मंत्रोच्चार व जयकारों के बीच शामिल समाजसेवी पंकज मिश्र, प्रतिष्ठित व्यवसायी विष्णु खंडेलवाल, शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात ने मंदिर को सुंदर स्वरूप देने में योगदान को लेकर संकल्प जताया है। वहीं भूमिपूजन को भव्यता प्रदान करते हुए दानदाता अशोक कुमार मिश्र व उनकी पत्नी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन किया। पूजन कार्यक्रम के दौरान आचार्य आलोक ऋषिवंश, रामकीर्ति शास्त्री, पं. आकाश द्विवेदी, ज्योतिषी विकास पांडेय व पं. अमित शुक्ल का मंत्रोच्चारण भी गूंजता दिखा। कार्यक्रम में साईनाथ संस्थान के अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ, इंद्रदेव तिवारी, पंकज शुक्ल, विनय प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी सिंह, रामजी मिश्रा व सूरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## सामान्य पटाखे बनाम ग्रीन पटाखे

**बारिश** खत्म होते ही, ठंड की हल्की दस्तक के साथ प्रदूषण का अनचाहा आगमन भी हो चुका है। साल दर साल बीतते जा रहे हैं और प्रदूषण की समस्या से निजात ही नहीं मिल रहा है, क्योंकि इसकी जड़ों तक जाने की कोशिश ही नहीं हो रही है। केवल ऊपरी तौर पर नियम बनाकर प्रदूषण जैसी गंभीर और जटिल समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता, ये बात नीति नियंता भी अच्छे से जानते हैं। मगर शायद प्रदूषण दूर करना उनके लिए जीने-मरने का सवाल कभी रहा ही नहीं। उन्हें वातानुकूलित दफ्तरों में बैठकर काम करना है, तमाम सुविधा-संपन्न घरों में रहना है, छुट्टियों पर प्रदूषण रहित पर्यटक स्थलों पर वे जाते हैं और अगर बीमार पड़ें तो सात सितारा अस्पतालों में महंगा इलाज उनके लिए उपलब्ध है। लेकिन आम आदमी प्रदूषण की मार बारह महीने झेलता है, फिर भी समझ नहीं पाता कि उसे खुश करके आखिर में उसे ही धीरे-धीरे मारने का इंतजाम किया जा रहा है।

दीपावली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग की जो इजाजत दी है, वो इसी धीमी मौत का एक और उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट को कम नुकसानदायक पटाखों को जलाने की मंजूरी इसलिए देनी पड़ी क्योंकि दीपावली अब रोशनी, रंगों और मिठास से ज्यादा उस हिंदुत्व का त्योहार बन चुका है, जिसे अपने प्रचार के लिए कानफोड़ू शोर की जरूरत पड़ती है। न जाने किस तरह बहुतेरे हिंदुओं के दिमाग में यह बात भर दी गई कि दीपावली पर पटाखे जलाने से रोकना धर्म का अपमान है। कहने की आवश्यकता नहीं कि भाजपा का इस मुहिम में बड़ा योगदान रहा। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान बांटते हैं, लेकिन अपनी पार्टी के लोगों और समर्थकों को यह नहीं समझा सकते कि धर्म की राजनीति चलती रहेगी, कम से कम त्योहार को इसमें बख्श दें। अगर आज मोदी लोगों से अपील करें कि वे पटाखे न जलाएं, दीए, कंदील जलाकर, रंगोली सजाकर दीवाली मना लें, तो उनके अनुयायी खुशी-खुशी इस बात को मानेंगे। जब बालकनी में आकर थाली पीट सकते हैं, तो ये काम भी कर ही सकते हैं। मगर मोदी को भी ये डर है कि हिंदुत्व के नाम पर जिन लोगों को पूरी तरह गुमराह किया जा चुका है, वे इस बात को गलत तरीके से ले कर अपनी नाराजगी मोदी पर ही उतार सकते हैं। इसलिए भाजपा में अब पटाखों की नहीं, ग्रीन यानी हरित पटाखों की बात होती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट का आभार माना है कि उसने इन पटाखों के लिए मंजूरी दी। शीर्ष अदालत ने सिर्फ नीरी (नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी है। जो केवल 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए दी गई है। अदालत ने साफ किया कि इस अवधि के बाद किसी भी प्रकार के पटाखों की बिक्री या इस्तेमाल पर प्रतिबंध जारी रहेगा। अगर कोई विक्रेता या निमार्ता इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश भी दिया गया है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर विशेष निगरानी दल गठित करें।

# विश्व खाद्य दिवस : हर थाली में अन्न, हर जीवन में गरिमा

**अरुण कुमार डनायक**

भारत की नीति दिशा–हरित क्रांति से लेकर मिशन पोषण 2.0 तक– यह दशार्ती है कि उद्देश्य केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि हर नागरिक के थाल में संतुलित, पौष्टिक और सम्मानजनक भोजन सुनिश्चित करना है। बेहतर भविष्य की राह तभी खुलेगी जब खाद्यान्न का अधिकार नारे से निकलकर नीति और व्यवहार का हिस्सा बने। भुखमरी और खाद्य सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने, हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1945 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की वर्षगांठ पर आयोजित होता है और 1981 से इसे विश्व स्तर पर मनाया जा रहा है। वर्ष 2025 की थीम 'बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए खाद्यान्न का अधिकार' है। गत वर्ष की थीम भोजन को अनाज, फल, सब्जियां, दालों , प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों के समग्र रूप में देखती थी, जबकि इस वर्ष का फोकस 'खाद्यान्न' पर है–मानव जीवन के मूलभूत आहार पर ध्यान देकर स्थायी और पौष्टिक समाज की नींव रखना। यह संकेत देती है कि सरकारें अनाज वितरण, भंडारण और सब्सिडी पर विशेष ध्यान देंगी, ताकि हर नागरिक तक अन्न की पहुंच सुनिश्चित हो।

भारत की भोजन परंपरा आदि काल से समृद्ध रही है, जहां भोजन को केवल पेट भरने का नहीं, जीवन संतुलन का आधार माना गया है। तुलसीदासकृत रामचरितमानस में राम-सीता विवाह के अवसर पर परोसे गए विविध व्यंजनों की प्रशंसा मिलती है– 'चारि भांति भोजन बिधि गाई, एक-एक बिधि बरनि न जाई॥' आयुर्वेद में भी भोजन के छह रसों– मधुर, खट्टा, लवण, तीखा, कड़वा और कसैला– को शरीर के पोषण और संतुलन के लिए आवश्यक बताया गया है। गांधीजी ने आरोग्य कुंजी में लिखा कि- शाकाहारी व्यक्ति को दिन में तीन बार संतुलित आहार–दूध, अनाज, हरी सब्जियां, घी, गुड़ और फल सहित लेना चाहिए। उन्होंने बौद्धिक जीवन वाले व्यक्ति के लिए प्रतिदिन लगभग 1300 ग्राम भोजन सुझाया।

भारत खाद्य सुरक्षा के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध है, फिर भी भूख और कुपोषण चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। वैश्विक भूख सूचकांक 2025 में भारत 127 देशों में 107वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र संघ का दावा है कि हिंसक संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता बड़ी आबादी को भूख से पीड़ित कर रहे हैं जबकि ऐतिहासिक साक्ष्य बताते हैं कि औपनिवेशिक दौर में भी भोजन की कमी थी। एफएओ के अनुसार, 2021-23 में भारत की 13.7 प्रतिशत आबादी कुपोषित थी, जो 16.6प्रतिशत (2020-22) से कम है, फिर भी विशाल जनसंख्या और असमानता के संदर्भ में यह चिंताजनक है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार 35.5 प्रतिशत बच्चे बौनेपन, 32.1प्रतिशत कम वजन और 7.7प्रतिशत गंभीर रूप से कम वजन की समस्या से ग्रस्त हैं। पोषण ट्रैकर (जून 2025) भी इन तथ्यों की पुष्टि करता है । ये आंकड़े केवल भोजन की नहीं, बल्कि आहार विविधता की कमी, मातृ-शिशु देखभाल की अपर्याप्तता, महिलाओं की निम्न स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और स्वच्छता ढांचे की खामियों को भी उजागर करते हैं।

भारत में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में प्रोटीन, विटामिन तथा खनिज व कैल्शियम की कमी व्यापक रूप से पाई जाती है, जिसके कारण वे कमजोर मांसपेशियों,




हड्डी के रोग और रक्ताल्पता आदि से पीड़ित रहते हैं। भोजन में इन आवश्यक तत्वों की कमी स्वास्थ्य के साथ- साथ कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। सरकार इन आवश्यक तत्वों की भरपाई के लिए प्राकृतिक आहार के बजाय रासायनिक पूरकों पर निर्भर होती जा रही है, जो स्थायी उपाय नहीं है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (1947) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2013) ने पिछले एक दशक में अपना दायरा बढ़ाया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज मिला, जिससे कठिन समय में न्यूनतम खाद्यान्न सुनिश्चित हुआ। फिर भी उच्च / छिपी बेरोजगारी, स्थिर ग्रामीण मजदूरी और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण खाद्य सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित नहीं हो सकी है। भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाया; 1950 में 5 करोड़ टन उत्पादन था, जो आज लगभग 33 करोड़ टन तक पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपलब्ध खाद्यान्न लगभग 510 ग्राम है। श्वेत क्रांति ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक बनाया और प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 450 ग्राम प्रतिदिन तक पहुंच गई। नीली क्रांति के तहत मछली उत्पादन 7 लाख टन से बढ़कर 175 लाख टन हुआ। 2023 में अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित होने के बाद भारत ने 'श्री अन्न योजना' शुरू की, जो पौष्टिक और जलवायु-सहिष्णु अनाजों के उत्पादन और उपभोग को बढ़ावा देती है। खाद्यान्न का अधिकार केवल उपलब्धता का नहीं, बल्कि सतत कृषि और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलन का भी प्रश्न है। भारत की खाद्य प्रणाली में महिलाओं की भूमिका निर्णायक रही है; खेत से रसोई तक वे पोषण सुरक्षा की वास्तविक वाहक हैं। उनका सशक्तिकरण ही खाद्य सुरक्षा और पोषण सुधार की स्थायी नींव है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की प्रमुख योजना मिशन पोषण 2.0 ने 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरी बालिकाओं को पोषण सहायता प्रदान कर भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। रुपये 35153 करोड़ के प्रावधान वाली यह योजना विश्व के सबसे बड़े बाल्यावस्था विकास कार्यक्रमों में से एक है। हालांकि भारत की खाद्य नीति अभी भी मुख्यतः अनाज वितरण पर केंद्रित है, जिससे संतुलित पोषण सीमित रह गया है। भोजन का अधिकार अभियान और कार्यकर्ता लंबे समय से पीडीएस में दाल, तेल, बाजरा और अन्य पोषक तत्व शामिल करने की मांग कर रहे हैं। देश की 55फीसदी आबादी पौष्टिक आहार का खर्च नहीं उठा पा रही है। इसलिए खाद्य सुरक्षा को मजदूरी, रोजगार और मूल्य स्थिरता से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। मनरेगा और अन्य रोजगार योजनाओं में मजदूरी दरें मुद्रास्फीति के अनुसार तय होनी चाहिए, ताकि लोग पोषक भोजन वहन कर सकें। खाद्य सुरक्षा तभी संभव है जब गांधीजी का सपना–हर हाथ को काम और हर पेट को अन्न–वास्तव में साकार किया जाए। भारत की नीति दिशा–हरित क्रांति से लेकर मिशन पोषण 2.0 तक– यह दशार्ती है कि उद्देश्य केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि हर नागरिक के थाल में संतुलित, पौष्टिक और सम्मानजनक भोजन सुनिश्चित करना है। बेहतर भविष्य की राह तभी खुलेगी जब खाद्यान्न का अधिकार नारे से निकलकर नीति और व्यवहार का हिस्सा बने–ताकि हर थाली में अन्न और हर जीवन में गरिमा सुनिश्चित हो। भविष्य का भारत तभी सशक्त होगा, जब हर बच्चा भूख नहीं, आशा लेकर सोएगा।

# तालिबान और मनुवाद साथ-साथ

**सर्वमित्रा सुरजन**

**तालिबान** ने सत्ता में आने के अपने पहले ही हफ्ते में ज्यादातर सार्वजनिक क्षेत्रों में महिलाओं के काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, केवल उन्हीं महिलाओं को काम करने की इजाजत दी गई जिनकी जगह पुरुष नहीं ले सकते थे। एक महीने के अंदर ही, उन्होंने किशोर लड़कियों को माध्यमिक स्कूल जाने से रोक दिया। इसके तुरंत बाद, महिलाओं को अकेले यात्रा करने से मना कर दिया गया–यहां तक कि क्लिनिक जाने से भी।

भारत दौरे पर आए तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसी भी महिला पत्रकार का शामिल न होना कई सवाल खड़े कर गया। यह मुद्दा आया गया हो जाता, अगर कुछ महिला पत्रकारों ने इस पर आपत्ति न जताई होती। सोशल मीडिया पर तालिबान सरकार के नुमाइंदे की स्त्रीविरोधी नजरिया रखने के लिए आलोचना हुई ही, मोदी सरकार पर भी सवाल उठे कि क्या वह भी तालिबान के इस रवैये से सहमत हैं। हालांकि विदेश मंत्रालय ने इससे बड़े अजीब से तर्क के साथ पल्ला झाड़ा कि यह प्रेस कांफ्रेंस अफगानिस्तान के दूतावास में हुई और इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। मान लिया कि अफगान दूतावास के भीतर कामों में दखल का कोई हक विदेश मंत्रालय को नहीं है, लेकिन अपने देश के मूल्यों और सिद्धांतों का खुलकर साथ देने का हक भी क्या विदेश मंत्रालय को नहीं है। जो आपत्ति महिला पत्रकारों ने पहले उठाई और बाद में विपक्ष के नेता भी उसमें साथ आए, वही आपत्ति विदेश मंत्रालय को उठाने में आखिर झिझक क्यों थी। क्यों मंत्रालय ने खुल कर यह नहीं कहा कि इस देश में सबको बराबरी का अधिकार है, और महिला पत्रकारों के साथ यह भेदभाव अस्वीकार्य है। हैरानी की बात यह है कि भाजपा के भी किसी बड़े नेता, मंत्री ने इस पर मुंह नहीं खोला। मानो इस लैंगिक समानता के मुद्दे में उसकी कोई दिलचस्पी ही नहीं है।

बहरहाल, इस मामले पर जब तालिबान के मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की भरपूर आलोचना सोशल मीडिया पर हुई, तो अफगान दूतावास का भी जवाब आया कि तकनीकी खामी की वजह से ऐसा हुआ, किसी को भी जानबूझ कर बाहर नहीं रखा गया था। अब ये तकनीकी खामी क्या थी, जरा इसे भी समझ लीजिए, अफगान दूतावास के मुताबिक उनके पास कोई प्रेस अधिकारी नहीं है और प्रेस कांफ्रेंस जल्दबाजी में आयोजित हुई, उन्हें नहीं पता कि सब तक कैसे पहुंचा जाए। किसी तरह, वे सिर्फ पुरुषों तक ही पहुंच पाए। बता दूं कि महिला पत्रकारों को बाहर रखने का यही सवाल



रविवार को दूसरी प्रेस कांफ्रेंस में भी उठा था, जिस पर खुद मुत्ताकी ने भी यही कहा था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस शॉर्ट नोटिस पर की गई थी और आमंत्रित पत्रकारों की एक छोटी लिस्ट पेश की गई थी, वो बहुत विशिष्ट थी। यह एक तकनीकी मुद्दा था। हमारे सहयोगियों ने पत्रकारों की एक विशेष सूची को निमंत्रण भेजने का फैसला किया था, इसके अलावा कोई और इरादा नहीं था।'

इस जवाब को मासूम भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह महिलाओं को चारदीवारी में कैद रखने की शातिराना सोच से उपजा जवाब है। अफगान दूतावास अपने रोजमर्रा के संचालन के लिए कई स्तरों पर विदेश मंत्रालय से संपर्क में रहता होगा, अगर वो चाहता तो प्रेस कांफ्रेंस के लिए सीधे-सीधे विदेश मामले देखने वाले पत्रकारों की सूची मांगता और आराम से सारे पत्रकारों से संपर्क करता। लेकिन महिलाओं का जो बुरा हाल तालिबान ने अफगानिस्तान में किया है, उसकी झलक यहां भी दिखाने की कोशिश तालिबान ने की और सबसे ज्यादा दुख की बात ये है कि मोदी सरकार ने अपनी रणनीतिक सुविधा के लिए उस कोशिश को कामयाब होने दिया। हालांकि देश में लोकतंत्र अब भी कायम है तो इस फैसले का पुरजोर विरोध हुआ, जिसके बाद रविवार को फिर से मुत्ताकी ने प्रेस कांफ्रेंस की और इस बार सारे पत्रकारों की सूची भी मिल गई, जिनमें महिलाओं का भी नाम था। कई तस्वीरें आई हैं, जिनमें महिलाएं पहली पंक्ति में बैठकर मुत्ताकी से सवाल कर रही हैं। लेकिन क्या इन तस्वीरों को सुखांत कहा जा सकता है। क्या अंत भला तो सब भला कहकर एक बड़े गंभीर मुद्दे को खत्म करना उचित होगा। याद रखिए कि मुत्ताकी की पहली प्रेस कांफ्रेंस में जब सारे पुरुष पत्रकारों को ही बुलाया गया, तो इनमें से किसी ने भी तब इस पर आपत्ति नहीं की कि उनकी महिला साथियों को बाहर क्यों रखा गया है। अगर की हो, तो इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अगर ये 16 पुरुष पत्रकार महिला पत्रकारों के साथ एकजुटता दिखाते हुए तालिबानी विदेश मंत्री का बहिष्कार करते, तब सोचिए कैसा बढ़िया संदेश दुनिया में जाता। प्रेस स्वतंत्रता इंडेक्स में तो भारत मोदी सरकार के रवैये के कारण पिछड़ता ही जा रहा है, लेकिन कम से कम एक मजबूती यहां दिखाई जा सकती थी। अफसोस कि वहां मौजूद पुरुष पत्रकार एक ऐतिहासिक पल रचने से चूक गए।

बहरहाल, रविवार की प्रेस कांफ्रेंस में मुत्ताकी से एक सवाल तो महिलाओं को बाहर रखने पर हुआ ही, जिसका जवाब आप ऊपर पढ़ चुके हैं, फिर उनके सामने आया वो सवाल जिसकी वजह से वो महिला पत्रकारों को बाहर रखना चाहते थे। मुत्ताकी से सवाल किया गया, 'आप देवबंद गए वहां और ईरान, सीरिया और सऊदी में महिलाओं और लड़कियों को पढ़ने से नहीं रोका जाता है, उन्हें स्कूल और कॉलेज जाने से नहीं रोका जाता है, आप अफगानिस्तान में ऐसा क्यों कर रहे हैं? अफगानिस्तान की महिलाओं को शिक्षा का अधिकार कब मिलेगा?' अमीर खान मुत्ताकी ने जवाब दिया, 'इसमें कोई शक नहीं कि अफगानिस्तान के उलेमाओं, मदरसों और देवबंद के साथ संबंध शायद दूसरों से ज्यादा हैं। शिक्षा के संदर्भ में, इस समय हमारे स्कूलों और दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में एक करोड़ छात्र पढ़ रहे हैं, जिनमें से 28 लाख महिलाएं और लड़कियां हैं। धार्मिक मदरसों में यह शिक्षा स्नातक स्तर तक उपलब्ध है। कुछ खास हिस्सों में कुछ सीमाएं हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम शिक्षा का विरोध करते हैं। हमने इसे (शिक्षा को) धार्मिक रूप से 'हराम' घोषित नहीं किया है, लेकिन इसे दूसरे आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। तालिबान से ऐसे ही किसी जवाब की उम्मीद थी। लेकिन भारत में जहां खुद मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया हुआ है, वहां क्या अब तालिबानी सोच को सार्वजनिक स्वीकृति दी जाएगी, ये एक बड़ी चिंता उठ गई है। जिस शिक्षा को तालिबान ने धार्मिक तौर पर हराम घोषित न करने की बात कहकर भी दूसरे आदेश तक लड़कियों के लिए स्थगित किया हुआ है, वैसी ही मानसिकता मनुस्मृति में यकीन रखने वालों की है। जिनके लिए महिलाओं की उपयोगिता गृहस्थी संभालने और प्रजनन कार्य तक ही सीमित है। ये महिलाओं को हाड़-मांस का इंसान नहीं निजी संपत्ति समझते हैं। इसलिए महिलाओं को दो से अधिक बच्चे पैदा करने या ताउम्र परिजनों की सेवा में बिताने की नसीहत देते हैं। याद रहे कि तालिबान ने सत्ता में आने के अपने पहले ही हफ्ते में ज्यादातर सार्वजनिक क्षेत्रों में महिलाओं के काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, केवल उन्हीं महिलाओं को काम करने की इजाजत दी गई जिनकी जगह पुरुष नहीं ले सकते थे। एक महीने के अंदर ही, उन्होंने किशोर लड़कियों को माध्यमिक स्कूल जाने से रोक दिया। इसके तुरंत बाद, महिलाओं को अकेले यात्रा करने से मना कर दिया गया–यहां तक कि क्लिनिक जाने से भी। अब उन्हें सार्वजनिक पार्कों, जिम और विरोध प्रदर्शनों में जाने से रोक दिया गया है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के मुताबिक अफगानिस्तान में हर पांच में से चार महिला पत्रकारों ने अपनी नौकरी खो दी है। जो बची हैं उन्हें धमकियों, उत्पीड़न, अवैतनिक काम और सेंसरशिप का सामना करना पड़ रहा है। कम से कम 19 प्रांतों में, कोई भी महिला पत्रकार आधिकारिक तौर पर काम नहीं कर रही है। पत्रकार जेहरा नादिर के मुताबिक अफगानिस्तान मीडिया सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन की 2025 की रिपोर्ट में 100 महिला पत्रकारों का सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें खुलासा हुआ कि केवल 7 प्रतिशत अफगान महिला पत्रकार ही अब भी खुले तौर पर काम कर सकती हैं, जबकि 33 प्रतिशत गुप्त रूप से काम करती हैं और 42 प्रतिशत ने पत्रकारिता पूरी तरह से छोड़ दी है। दो-तिहाई से ज्यादा महिला पत्रकारों ने सेंसरशिप या धमकी की शिकायत की है। यह संयोग ही है कि आमिर खान मुत्ताकी जब भारत दौरे पर थे, उन्हीं दिनों 8 से 10 अक्टूबर तक, मैड्रिड में अफगानिस्तान की महिलाओं के लिए जन न्यायाधिकरण की बैठक हुई, जहां 24 अफगान महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीशों के एक पैनल के समक्ष गवाही दी। उनकी गवाही तालिबान शासन पर तीखे अभियोग थे। न्यायाधीशों ने अपने प्रारंभिक निष्कर्षों में स्वीकार किया कि महिलाओं के साथ तालिबान का व्यवहार लैंगिक उत्पीड़न के समान है, जो मानवता के विरुद्ध अपराध है। मैड्रिड में गवाही देने वालों में एक पूर्व अफगान टेलीविजन निमार्ता भी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि कैसे तालिबान की वापसी के बाद, महिलाओं को पहले 'बजट कटौती' के बहाने न्यूजरूम से निकाल दिया गया।

# एक लाख एकल शिक्षक स्कूलों की त्रासदी से त्रस्त शिक्षातंत्र

**- ललित गर्ग -**

**भारत** में आज भी कई सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी विषय पढ़ रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय के साल 2024-25 के आधिकारिक डेटा के मुताबिक देश के कुल 1,04,125 स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं एवं सभी विषयों को पढ़ा रहे हैं। यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दशार्ता ही नहीं रहा है बल्कि चिन्ताजनक स्थिति को बयां कर रहा है। ये आंकडे. हमारे शैक्षणिक विकास पर एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। ह्लशिक्षा किसी राष्ट्र की आत्मा होती है ह्व स्वामी विवेकानंद का यह वाक्य आज भारत की शिक्षा व्यवस्था पर एक कसक बनकर उभरता है। जब शिक्षा की आत्मा घायल होती है तो राष्ट्र का शरीर कभी स्वस्थ नहीं रह सकता। शिक्षा मंत्रालय के ये हालिया आंकड़े बताते हैं कि एकल शिक्षक स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाना एक भ्रष्टाचार ही है। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? एकल शिक्षक स्कूलों का परिदृश्य भारत के विकास की पौल खोलने वाला है। भले ही एकल शिक्षक स्कूलों में पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई हो, फिर इतनी बड़ी संख्या में ऐसे स्कूलों का होना हमारी शिक्षा व्यवस्था की बड़ी नाकामी को ही उजागर कर रहा है। यह स्थिति किसी एक आंकड़े की नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की गहरी त्रासदी की तस्वीर है।



कल्पना कीजिए-एक शिक्षक जो प्रशासनिक काम भी करता है, मिड-डे मील की निगरानी भी करता है और साथ में सभी कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाता है। क्या वह शिक्षक शिक्षक रह जाता है या व्यवस्था का बोझ उठाने वाला मजदूर बन जाता है? इन बच्चों की शिक्षा कैसी होगी, जिनके लिए ज्ञान का एकमात्र द्वार ही थकान, उपेक्षा और तंगहाली से भरा है? यह संकट केवल ग्रामीण भारत तक सीमित नहीं है। शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी सैकड़ों स्कूल ऐसे हैं जहाँ विषय विशेषज्ञों की कमी, प्रयोगशालाओं की अनुपस्थिति और शिक्षण संसाधनों का अभाव है। नई शिक्षा नीति 2020 समग्र शिक्षा की बात करती है, लेकिन जब आधारभूत ढाँचा ही अपूर्ण हो तो नीतियाँ केवल दस्तावेज बनकर रह जाती हैं। हम 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना कर रहे हैं, पर क्या एकल शिक्षक स्कूलों की यह स्थिति उस दिशा में कोई सार्थक कदम का संकेत है?

यह विडंबना है कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, पर उसके बचपन की शिक्षा का यह हाल है। शिक्षा पर सरकारी व्यय जीडीपी का केवल 2.9 प्रतिशत है, जबकि विकसित देशों में यह 5 से 6 प्रतिशत तक है। जब शिक्षा ही निवेश नहीं बनेगी, तो विकास का आधार कहाँ से आएगा? समस्या केवल शिक्षक संख्या की नहीं, बल्कि शिक्षकों की भर्ती, प्रशिक्षण और संसाधनों की भी है। राज्यों में नियुक्ति प्रक्रियाएँ वर्षों तक लटकी रहती हैं, स्थानांतरण नीति अव्यवस्थित है, और जो शिक्षक हैं भी, उन्हें आधुनिक शिक्षा पद्धति, डिजिटल शिक्षण, नवाचार और नैतिक मूल्य आधारित शिक्षण के प्रशिक्षण से वंचित रखा गया है। यह स्थिति उस समय और अधिक विडंबनापूर्ण लगती है जब हम हर मंच पर ह्लनया भारतह्व, ह्लविकसित भारतह्व और ह्लविश्वगुरु भारतह्व के नारे लगाते हैं। शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखने की आवश्यकता है। रक्षा और स्वास्थ्य की तरह शिक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

शिक्षक भर्ती में पारदर्शिता और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो, दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों का समुचित समायोजन किया जाए, तकनीक के माध्यम से डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो और शिक्षकों को केवल वेतनभोगी कर्मचारी नहीं बल्कि राष्ट्रनिमार्ता के रूप में सम्मान मिले। महात्मा गांधी ने कहा था, ह्लयदि हमें भारत को पुनः महान बनाना है, तो शिक्षा को पुनः मानवीय बनाना होगा।ह्व आज शिक्षा केवल परीक्षा और नौकरी तक सीमित हो गई है, जबकि उसका उद्देश्य चरित्र निर्माण और विवेक जागरण होना चाहिए। यदि 34 लाख बच्चे एकल शिक्षक के भरोसे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। भारत तभी विकसित होगा जब हर बच्चा पढ़ेगा-सिर्फ स्कूल में नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में शिक्षित होगा। अन्यथा, एकल शिक्षक की यह पीड़ा आने वाले भारत की मौन त्रासदी बन जाएगी। शिक्षक दीपक की तरह होते हैं, वे स्वयं जलकर समाज को प्रकाश देते हैं। पर जब दीपक ही अकेला रह जाए, तो अंधकार स्वाभाविक है। अब समय है कि हम इस अंधकार को दूर करने का संकल्प लें, क्योंकि शिक्षा ही राष्ट्र का भविष्य है और शिक्षक उस भविष्य के निमार्ता हैं।

सोचने वाली बात है कि एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे?

# भ्रष्टाचार में चित्रकूट ने रचा इतिहास, आंकड़ा 100 करोड़ पार- मामला ट्रेजरी घोटाले का

- पेंशन के नाम पर लूटी सरकारी तिजोरी
- 97 लोगों के नाम दर्ज हुई एफआईआर
- जांच को एसआईटी गठित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले ने भ्रष्टाचार की किताब में नया अध्याय जोड़ दिया है। कोषागार विभाग में सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन खातों के जरिए करोड़ों रुपये के महाघोटाले का पदार्फाश हुआ है, जिसने जिले की प्रशासनिक ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विभागीय जांच में सामने आया है कि वर्ष 2018 से लेकर सितंबर 2025 तक लगातार सरकारी अभिलेखों में फर्जी प्रविष्टियां कर धनराशि विभिन्न खातों में भेजी जाती रही। कई मामलों में एक ही शिक्षक के नाम पर बार-बार भुगतान दर्ज किया गया। इस घोटाले में विभागीय चार कर्मचारियों सहित कुल 97 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है, जबकि 95 बैंक खातों को सीज कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, कोषागार विभाग के कुछ कर्मचारियों ने दलालों के नेटवर्क के साथ मिलकर यह करोड़ों का खेल खेला। रिटायर शिक्षकों के खातों का दुरुपयोग करते हुए, उनके नाम पर अतिरिक्त रकम भेजी जाती रही। बिचौलियों ने अपने परिचितों व रिश्तेदारों के खातों का उपयोग करते हुए पांच लाख से लेकर पचास लाख रुपये तक की रकम ट्रेजरी से निकाल ली। जब रूटीन ऑडिट में यह फजीर्वाड़ा पकड़ा गया, तो प्रशासन के होश उड़ गए। वरिष्ठ कोषाधिकारी के आदेश पर सभी संदिग्ध खातों को सीज कर दिया गया है। अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी का अंदेशा जताया जा रहा है, जबकि जांच में और नाम सामने आने की संभावना है। चौंकाने वाली बात यह है कि पटल संभालने वाले दो कर्मचारी रियल एस्टेट कारोबार से भी जुड़े बताए जा रहे हैंकृयानी सरकारी कुर्सी से शुरू होकर जमीन कारोबार तक फैला भ्रष्टाचार का यह जाल, चित्रकूट की तिजोरी को कंगाल करने पर आमादा था।



जिला कोषागार

**घोटाले की झलकियां-** कोषागार घोटाला कांड में एक साथ 93 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज। बाबुओं ने मिलकर निकाले 120 करोड़ रुपये, 95 खाते सीज। 7 साल से ट्रेजरी में चल रहा था खेल, शिक्षक की पत्नी ने खोला राज। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने दर्ज कराई एफआईआर- 4 सरकारी कर्मचारी और 93 पेंशनर आरोपी। पेंशनरों के खातों में 43.13 करोड़ की अनियमित राशि ट्रांसफर हुई। दलालों और कर्मचारियों का बना सिंडीकेट, सरकारी धन का बंदरबांट। सभी संदिग्ध खातों को किया गया सीज, एसआईटी जांच टीम गठित। सबसे ज्यादा खाताधारक एसबीआई के एक आदमी के खाते में अधिकतम हुए 3.5 करोड एक-एक करोड रुपए 8 आदमी के खाते में गए पेंशनरों को बनाया जा रहा है बलि का बकरा।

## ट्रेजरी घोटाला नया नही है- पहले भी चित्रकूट के कोषागार में हो चुका है 86 लाख का घोटाला

- घोटालों की जडें 2015 से
- घोटालों के लिए मशहूर होता चित्रकूट
- मुहर चोरी से मुद्रा गबन तक

**चित्रकूट।** कोषागार विभाग का नाम अब कोई नया नहीं रहा, जब भी भ्रष्टाचार की परतें खुलती हैं तो उसका कोई न कोई पन्ना यहीं से निकलता है। आज जो ट्रेजरी घोटाले का आंकड़ा सौ करोड़ पार कर चुका है, उसकी जड़ें वर्षों पूर्व 2015 में ही जम चुकी थीं। उस समय भी चित्रकूट ट्रेजरी से 86 लाख 74 हजार 600 रुपये का गबन सामने आया था, जिसने पूरे जिले की व्यवस्था की नींव हिला दी थी। यह घोटाला एक अप्रैल 2015 से 16 फरवरी 2016 के बीच हुआ था। जांच में पाया गया था कि तत्कालीन लेखाकार राजेश कुमार और उप रोकड़िया मनीष ने मिलकर सरकारी तिजोरी से यह रकम अवैध रूप से निकाल ली थी। मामला तब सामने आया जब कुछ स्टाम्पों की चोरी का संदेह हुआ और रिकॉर्ड की जांच से पूरे तंत्र की पोल खुल गई। तत्कालीन जिलाधिकारी नीलम अहलावत के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी, जिसने अपनी रिपोर्ट में दोनों कर्मचारियों की संलिप्तता स्पष्ट बताई। यह मामला लखनऊ की सतर्कता अन्वेषण संगठन को सौंपा गया, जिसने अपनी जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए। लेकिन अफसोस, समय के साथ यह फाइलें धूल खा गईं और अदालत में यह प्रकरण विचाराधीन ही रह गया। आज जब नया ट्रेजरी घोटाला सौ करोड़ के आंकड़े को छू रहा है, तब यह पुराना मामला हमें याद दिलाता है कि चित्रकूट की सरकारी तिजोरी कभी जनधन कोष नहीं रही, बल्कि दलालों का खजाना बन चुकी थी। सवाल है- क्या इस बार भी न्याय फाइलों के बोझ तले दब जाएगा?

# गंगा, हरियाली और स्वच्छता पर सीडीओ का बड़ा फरमान- विभागों को चेतावनी

- जिले में ग्रीन चौपाल की गूंज
- खोला स्वच्छता मिशन का मोचा
- भंडारों में प्लास्टिक पर लगेगा जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला गंगा समिति, पर्यावरण समिति और वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर ने सख्त तेवर दिखाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब पर्यावरण और स्वच्छता पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सीडीओ ने वन विभाग को आदेश दिया कि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता अभियान तेज करें, जबकि पंचायत राज विभाग को नदियों के किनारे बसे गांवों में स्वच्छता मिशन चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत आश्रमों में नामित अधिकारी मौके पर जाकर रिपोर्ट दें। वृक्षारोपण की समीक्षा में उन्होंने चेतावनी दी कि जिन विभागों ने अब तक पौधारोपण का जियो टैगिंग नहीं कराया, वे तत्काल पूरा करें। सीडीओ ने यह भी कहा कि धार्मिक स्थलों पर भंडारों में प्लास्टिक या थमाकोल का उपयोग करने वालों पर कड़ा जुमार्ना लगाया जाए। साथ ही बाल पेंटिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्लास्टिक पर्यावरण का दुश्मन जैसे स्लोगन से जन-जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। बैठक में डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण पटेल, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सुरेंद्र कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद अधिकारीगण

## वीणा पाणि की वंदना से गूंजा चित्रकूट- कवियों ने शब्दों में बांधा देशप्रेम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 के मंच पर साहित्य और संस्कृति का संगम तब देखने को मिला जब विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणा पाणि की वंदना से हुआ, जिसे जनपद के वरिष्ठ गीतकार नारायण तिवारी ने प्रस्तुत किया। ओज कवि सूर्यकांत मौर्य अंगारा की आग उगलती पंक्तियों ने जोश भर दिया, तो शायर हबीब खान ने देशप्रेम का जज्बा जगा दिया। चित्रकूट के लोकप्रिय गीतकार दिनेश दीक्षित संघर्षी की भक्तिमय प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे, जबकि गजलकार संदीप श्रीवास्तव दीप की शायरी ने दिल जीत लिए। अंत में रामलाल द्विवेदी ने अध्यक्षीय काव्यपाठ कर पूरे सम्मेलन को एक ऊँचाई दी। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता, अधिकारी और साहित्यप्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिला उद्योग उपायुक्त संदीप केशरवानी ने आभार व्यक्त किया। संचालन का दायित्व दिनेश दीक्षित संघर्षी ने निभाया, जिन्होंने पूरे कवि सम्मेलन को ऊजार्वान अंदाज में बाँधे रखा।


सम्मेलन में मौजूद कविगण

## कार्तिक मास व दीपावली मेला- नगर में भारी वाहनों की पूरी पाबंदी, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि

**नो-व्हीकल जोन घोषित**

**चित्रकूट।** आगामी कार्तिक मास और दीपावली अमावस्या मेला 2025 के मद्देनजर प्रशासन ने कर्वी नगर और मेला क्षेत्र में भारी और मध्यम मालवाहनों की आवाजाही पर पूर्ण पाबंदी लगा दी है। यह प्रतिबंध 18 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से 23 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे तक लागू रहेगा। केवल आपातकालीन और आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छूट दी जाएगी। नो-व्हीकल जोन के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 35 से रेहुटिया तक, 731ए मार्ग, बेड़ी पुलिया, भरतकूप तिराहा, शिवरामपुर तिराहा और चितरागोकुलपुर तिराहा सहित कई महत्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं। आम जनमानस को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराने हेतु 24 अक्टूबर से 30 दिन तक या नवीन आदेश तक भारी और मध्यम मालवाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक पर्यटक तिराहा से निमोर्ही अखाड़ा तक नो-व्हीकल जोन रहेगा, जबकि परिवर्तित मार्गों से वाहनों को गुजरना होगा। प्रातःकाल 6 बजे नो-एंट्री बैरियर से प्रवेश किए वाहनों को 6:30 बजे तक बाहर निकलना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने चेताया है कि वैवाहिक, धार्मिक, त्यौहार, जुलूस, झांकी, शोभा यात्रा और राजनीतिक कार्यक्रमों के अनुसार नो-इंट्री का समय बदलने पर सूचना नो-इंट्री बैरियर पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह कदम श्रद्धालुओं की सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है, ताकि मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# आईटीआई बरगढ़ में दीपोत्सव की धूम- रंगोली, दिया और हुनर ने बिखेरी रौशनी



बरगढ आईटीआई में दीपावली की तैयारियों में लगे छात्र

**बरगढ/चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरगढ़ में शुक्रवार को दीपावली मेला दीपोत्सव 2025 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परिसर रंगोली, दीयों और प्रतिभा की रौशनी से जगमगा उठा। छात्रों ने रंगोली, दिया मेकिंग, हैंडीक्राफ्ट और लेमन रेस जैसी प्रतियोगिताओं में जोश से भाग लिया। फिटर ट्रेड ने रंगोली में बाजी मारी जबकि वेल्डर ट्रेड ने दूसरा स्थान पाया। कोपा ट्रेड की जानवी ने लेमन रेस में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं फैशन ट्रेड की मीनाक्षी भार्गव ने दिया मेकिंग में चमक बिखेरी। हैंडीक्राफ्ट में फैशन ट्रेड की प्रियांशी और रिया विजेता रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य समरजीत सिंह व एडमिन शत्रुघ्न प्रजापति ने पुरस्कार वितरित करते हुए सभी को ग्रीन दिवाली की शुभकामनाएँ दीं।

## सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन- ड्रोन और मशीनरी के लिए ऑनलाइन बुकिंग खुली

**चित्रकूट।** कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने की दिशा में उप कृषि निदेशक राज कुमार ने किसानों के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान किया है। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के तहत किसान 15 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन और फसल अवशेष प्रबंधन उपकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एग्रमीदर्शन वेबसाइट पर दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक संभव है। किसानों को अनुदान वाले यंत्रों के लिए निश्चित जमानत राशि जमा करनी होगी- 10,000 से 1,00,000 रुपये वाले यंत्रों के लिए 2,500 रुपये और 1,00,000 रुपये से अधिक वाले यंत्रों के लिए 5,000 रुपये। चयन ई-लॉटरी के माध्यम से होगा, जिसमें जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति अंतिम फैसला लेगी।

## यमुना नदी खण्ड 6 में माफिया कब्जा, मत्स्य आखेट रोकने की गुहार पुलिस से

**अखंड भारत संदेश**

- मत्स्य सहकारी समिति अलर्ट
- सचिव ने उच्च न्यायालय की धमकी

**चित्रकूट।** यमुना नदी के खण्ड संख्या 6 में दबंग माफिया और बदमाशों के आतंक ने मत्स्यजीवी सहकारी समिति के सचिव घनश्याम निषाद और अध्यक्ष रामचन्द्र निषाद की नींद उड़ा दी है। एसपी को लिखे पत्र में प्रार्थियों का आरोप है कि शिवऔवतार पुत्र जगदीश और रामसूरत पुत्र भाईया लाल ने फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के दम पर उनके खण्ड पर जबरन कब्जा कर लिया है। आरोप है कि माफिया अपने रसूलदारों के साथ मछली की खरीददारी और मत्स्य आखेट करा रहे हैं, जबकि खण्ड संख्या-6 का पट्टा पहले से ही प्रार्थियों के नाम पर दर्ज है। सचिव और अध्यक्ष ने दिनांक 17 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट को लिखित शिकायत में चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाया नहीं गया तो उन्हें मजबूरी में अपने घाट का इस्तीफा देना पड़ेगा और मामला उच्च न्यायालय तक ले जाना पड़ेगा। प्रार्थियों ने दबंगों और मछुवारों दोनों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि खण्ड संख्या-6 पर माफियाओं की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और मामले में अगर तत्काल प्रशासन ने कदम नहीं उठाया, तो यह सिर्फ कानूनी विवाद नहीं, बल्कि क्षेत्रीय मत्स्य व्यापार और सुरक्षा के लिए बड़ा संकट बन सकता है।

# मां मंदाकिनी के आंचल में जगमगाएंगे 30 लाख दीप- चित्रकूट बनेगा आस्था का अयोध्या

- तपोभूमि में दिव्यता का दीपोत्सव
- जहां राम ने किया था पहला दीपदान

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट इस दीपावली पर फिर एक बार आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति के अद्भुत संगम का साक्षी बनने जा रही है। अमावस्या की रात जब मंदाकिनी की लहरें दीपों की झिलमिल रोशनी से नहाएंगी, तब पूरी धर्मनगरी ऐसा प्रतीत होगी मानो स्वयं अयोध्या चित्रकूट में उतर आई हो। धनतेरस से लेकर भैया दूज तक पांच दिनों तक चलने वाले इस भव्य उत्सव में हर घाट, हर गलियारा और हर मंदिर दीयों की पंक्तियों से आलोकित रहेगा। किंवदंती है कि लंका विजय के उपरांत भगवान श्रीराम ने यहीं रामघाट पर प्रथम दीपदान किया था, और उसी क्षण से दीपदान पर्व की परंपरा प्रारंभ हुई। आज भी श्रद्धालुओं का विश्वास है कि अमावस्या की रात भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण मंदाकिनी में स्नान कर दीपदान करते हैं और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस वर्ष प्रशासन ने करीब 30 लाख दीप जलाने का लक्ष्य रखा है। इनमें से 21 लाख दीप प्रशासन की ओर से तथा शेष दीप श्रद्धालु अपनी भक्ति से प्रज्वलित करेंगे। धर्मनगरी को संवारने के लिए सरकार ने रामघाट और आसपास के मंदिरों का भव्य सौंदर्यीकरण कराया है, जिससे पूरा क्षेत्र दैवी आभा में डूब जाएगा। दीपोत्सव के साथ-साथ लोकसंस्कृति भी पूरे शबाब पर रहेगी। विभिन्न राज्यों से आए कलाकार रामकथाओं, लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। दीपदान के उपरांत परेवा और दूज पर मौनियों का दिवारी नृत्य तथा प्रसिद्ध गधामेला धर्मनगरी की परंपरा को नया जीवन देगा, जिसमें लाखों की बोली लगाई जाएगी।

**प्रशासन ने कसी कमर, तैयारियां पूरी :** दीपावली पर्व और पांच दिवसीय दीपदान मेले को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। अधिकारी और कर्मचारी अपनी-अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्रोन कैमरों से पूरे रामघाट और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। पुलिस बल, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य टीम और सफाई कर्मी लगातार तैनात हैं ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर दीपदान और पर्व की पवित्रता का आनंद ले सकें। प्रशासन का दावा है कि इस बार की दीपावली पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य होगी।

## पीएम श्री स्कूल के नवरत्न पहुँचे, एक्सपोजर विजिट बना आध्यात्मिक यात्रा

**चित्रकूट।** फतेहपुर के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने शिक्षा और अध्यात्म का अनूठा संगम रच दिया। बुधवार को विद्यालय की प्रधानाचार्य नीता उपाध्याय के निर्देशन में कक्षा 11 के 81 छात्र-छात्राओं का एक्सपोजर विजिट चित्रकूट धाम के लिए आयोजित किया गया। छह शिक्षकों- आशुतोष, जयप्रकाश, अर्चना गुप्ता, कुलदीप कटियार, यश निगम और काउंसलर सपना सिंह- की देखरेख में विद्यार्थियों ने कामतानाथ जी, हनुमान धारा, सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी और रामघाट के दर्शन किए। कंप्यूटर शिक्षक यश निगम ने बताया कि पीएम श्री बनने के बाद विद्यालय हर वर्ष सभी कक्षाओं के बच्चों को ऐसे प्रेरणादायक विजिट कराता है, ताकि विद्यार्थी भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सकें।

# 17 सूत्रों में गूंजी किसानों की पुकार, योगी सरकार को चेतावनी

- भाकियू का चेतावनी आंदोलन
- सौंपा 17 सूत्रीय ज्ञापन

**चित्रकूट।** प्रदेश के अन्नदाता अब खामोश नहीं, बल्कि हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर हैं। भारतीय किसान यूनियन चित्रकूट ने केंद्रीय आवाहन पर जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित 17 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश का किसान बढ़ती लागत, घटते दाम, आवारा पशुओं के प्रकोप और प्राकृतिक आपदाओं से टूट चुका है। मेहनतकश किसान को उसकी मेहनत का दाम और सम्मान दोनों से वंचित किया जा रहा है। भाकियू ने सरकार को चेताया कि यदि किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रमुख मांगों में गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल, बकाया भुगतान पर ब्याज सहित त्वरित भुगतान, सभी कृषि ऋणों की माफी, स्मार्ट मीटर प्रणाली समाप्त, किसानों को रियायती बिजली, फसल बीमा में सुधार, एमएसपी को कानूनी दर्जा, और किसान पेंशन योजना शामिल हैं। सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में यह ज्ञापन प्रशासन को सौंपते हुए जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि अन्नदाता की आवाज अब नजरअंदाज नहीं की जा सकती। किसानों की यह हुंकार अब लखनऊ की चौखट तक पहुंच चुकी है।


ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता

# ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पर गोपनीय जानकारी परिजनों के साथ साझा करने के आरोप लगाए गए

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रह चुके जॉन बोल्टन पर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया गया कि उन्होंने गोपनीय सरकारी दस्तावेज अपने घर में रखे और सरकारी कामकाज से जुड़े गोपनीय विवरण अपने परिजनों के साथ साझा किए।

बोल्टन पर 18 आरोपों वाले अभियोग पत्र में यह भी कहा गया है कि ईरान से जुड़े हैकर्स ने बोल्टन के ईमेल अकाउंट को हैक कर गोपनीय सूचनाओं तक पहुंच बनायी।

बोल्टन ने 2021 में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) को अपने ईमेल हैक किए जाने की सूचना दी थी लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया था कि उन्होंने उस अकाउंट से गोपनीय जानकारी साझा की थी जो अब हैकरों के हाथ लग गई।

यह मामला रिपब्लिकन पार्टी के विदेश नीति के विशेषज्ञों में से एक बोल्टन पर केंद्रित है, जो अपनी कठोर विदेश नीति और युद्ध




समर्थक रुख के लिए जाने जाते हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में वह एक साल से अधिक समय तक उनके साथ रहे लेकिन 2019 में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। बाद में उन्होंने ट्रंप की कड़ी आलोचना करते हुए किताब प्रकाशित की।

पिछले एक महीने में ट्रंप के किसी आलोचक के खिलाफ दर्ज यह तीसरा मामला है। बोल्टन ने बृहस्पतिवार को इन आरोपों से इनकार किया और इसे “ट्रंप द्वारा अपने विरोधियों को डराने का प्रयास” बताया है। उन्होंने कहा, “अब मैं न्याय विभाग के राजनीतिक हथकंडे का नया शिकार बन गया हूं।” अभियोग के अनुसार, 2018 से लेकर अगस्त 2024 तक बोल्टन ने अपने दो परिजनों के साथ 1,000 से अधिक पन्नों की गोपनीय जानकारी साझा की जिनमें अति गोपनीय बैठकों, खुफिया रिपोर्टों और विदेशी नेताओं से बातचीत के विवरण शामिल थे। इन दस्तावेजों में से कुछ में विदेशी दुश्मनों की सैन्य योजनाएं, गुप्त अमेरिकी अभियान और हमलों की जिम्मेदारी से जुड़ी सूचनाएं थीं।

# जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद पुतिन से हंगरी में मुलाकात करेंगे ट्रंप

**यूक्रेन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के अपने प्रयासों को तेज करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से दूसरी बार मुलाकात करने की घोषणा की।

ट्रंप इससे पहले शुक्रवार को व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को पुतिन के साथ फोन पर हुई बातचीत के तुरंत बाद उनसे मुलाकात की घोषणा की।

बैठक की तारीख अभी तय नहीं की गई है लेकिन ट्रंप ने कहा कि यह बैठक हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में होगी और यह करीब दो सप्ताह में हो सकती है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, “मेरा मानना है कि आज टेलीफोन पर हुई बातचीत से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।



दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात अगस्त में अलास्का में हुई थी लेकिन तब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम के मामले में कोई कूटनीतिक प्रगति नहीं हो सकी थी। रूस के राष्ट्रपति के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने बताया कि यह फोन कॉल पुतिन ने की।

उन्होंने कहा कि पुतिन ने ट्रंप को आगाह किया कि यूक्रेन को लंबी दूरी की “टोमहॉक” मिसाइलें बेचे जाने से दोनों देशों के आपसी संबंधों को “गंभीर नुकसान” होगा। ट्रंप ये मिसाइल यूक्रेन को उपलब्ध कराने के बारे में सार्वजनिक रूप से बात कर चुके हैं। ट्रंप पहले से तय कार्यक्रम के तहत जेलेंस्की से शुक्रवार को मुलाकात करेंगे।

जेलेंस्की उन हथियारों की मांग कर रहे हैं, जिनसे यूक्रेनी सेना रूस के अंदर तक घुसकर हमले कर सके। उनका कहना है कि ऐसे हमले पुतिन को युद्ध समाप्त करने के लिए सीधे वार्ता करने के ट्रंप के आह्वान को गंभीरता से लेने के लिए मजबूर कर सकते हैं।

# अमेरिकी अदालत ने फलस्तीनी कार्यकर्ता महमूद खलील को अमेरिका में स्वतंत्र रूप

**अमेरिका**

अमेरिकी की एक संघीय अदालत ने महमूद खलील पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध हटा दिए हैं जिससे फलस्तीनी कार्यकर्ता को अमेरिका में रैलियों और अन्य कार्यक्रमों में बोलने की अनुमति मिल गई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने खलील के खिलाफ निर्वासन का मामला दर्ज कराया है। खलील को जून में लुइसियाना की एक आव्रजन जेल से रिहा किया गया था। उन्होंने एक संघीय मजिस्ट्रेट न्यायाधीश से उन प्रतिबंधों



को हटाए जाने का अनुरोध किया था, जिनके तहत उनकी यात्राएं केवल न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, वाशिंगटन डीसी, लुइसियाना और मिशिगन तक सीमित थीं।

मजिस्ट्रेट माइकल हैमर ने खलील को यात्रा की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। हैमर ने यह भी आदेश दिया कि खलील अपनी यात्रा योजनाओं की अग्रिम सूचना अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) को दें।

गाजा में युद्ध के खिलाफ कोलंबिया विश्वविद्यालय में हुए विरोध प्रदर्शनों में प्रमुख रहे खलील को आठ मार्च को आईसीई एजेंट ने गिरफ्तार किया था। खलील ने हाल में कोलंबिया विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की और वह अमेरिका के स्थायी निवासी हैं। खलील को जून में एक अन्य संघीय न्यायाधीश ने रिहा कर दिया था।

# संयुक्त राष्ट्र ने मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र**

**संयुक्त राष्ट्र** प्रमुख ने मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट की बृहस्पतिवार को निंदा की। देश में तख्तापलट का नेतृत्व करने वाले सेना के कर्नल को सैनिकों द्वारा सत्ता संभालने की घोषणा किए जाने के तीन दिन बाद शुक्रवार को राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई जाएगी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, “उन्होंने मेडागास्कर में सरकार के असंवैधानिक परिवर्तन की निंदा की और संवैधानिक व्यवस्था एवं कानून के शासन की वापसी का आह्वान किया।

कर्नल माइकल रैंड्रियनिरिना द्वारा हस्ताक्षरित एक बयान के अनुसार, शुक्रवार को उच्च संवैधानिक न्यायालय में आयोजित एक समारोह में उन्हें मेडागास्कर के नेता के रूप



में शपथ दिलाई जाएगी।

कर्नल रैंड्रियनिरिना ने पुनर्स्थापित मेडागास्कर गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में बयान पर हस्ताक्षर किए। सैन्य विद्रोह के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना अपनी जान को खतरा बताकर देश से भाग गए। अभी यह पता नहीं है कि वह कहां हैं। मेडागास्कर को अफ्रीकी संघ से निलंबित कर दिया गया है।

उसने कहा है कि वह इस अधिग्रहण को पूरी तरह से अस्वीकार करता है।

रैंड्रियनिरिना ने मंगलवार को घोषणा की कि सशस्त्र बल तीन सप्ताह से जारी सरकार विरोधी घातक प्रदर्शनों के बाद नियंत्रण अपने हाथ में ले रहे हैं। इन प्रदर्शनों का नेतृत्व मुख्यतः असंतुष्ट युवाओं ने किया।

इन युवाओं ने सरकारी सेवाओं की विफलताओं, गरीबी और अवसरों की कमी के खिलाफ प्रदर्शन किए और अभिजात वर्ग पर भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी “जेन जेड मेडागास्कर” के नाम से लामबंद हुए। इससे पहले नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में भी युवाओं के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के बाद नेताओं को सत्ता से बेदखल किया गया।

# ऊर्जा आयात नीति में उपभोक्ताओं का हित के साथ कोई समझौता नहीं



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान के बाद भारत ने साफ किया है कि तेल और गैस की खरीद में देश के उपभोक्ताओं का सर्वोच्च हित सबसे ऊपर रहेगा। विदेश मंत्रालय (टएअ) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत अपनी ऊर्जा नीति में विविधता और स्थिरता को प्राथमिकता देता है ताकि वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद आपूर्ति और कीमतों में संतुलन बना रहे।

मौजूदा जानकारी के अनुसार, भारत कई देशों से तेल की आपूर्ति को विविध कर रहा है और बाजार की स्थिति के अनुसार नए स्रोत जोड़ रहा है। जायसवाल ने कहा कि अमेरिका के साथ ऊर्जा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है और चर्चा जारी है, लेकिन निर्णय राष्ट्रीय हित के अनुरूप ही होंगे।

गौरतलब है कि ट्रंप ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें रूस से तेल खरीद में कमी लाने का आश्वासन दिया है, लेकिन भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया कि रूस से सस्ता तेल खरीदना रणनीतिक और आर्थिक रूप से लाभकारी रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की यह नीति उपभोक्ता केंद्रित और दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली है।

इसके साथ ही भारत अमेरिका, मध्य पूर्व, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका से तेल आपूर्ति बढ़ा रहा है, ताकि किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम की जा सके। इस तरह भारत की ऊर्जा नीति न केवल स्थिर आपूर्ति बल्कि कीमतों में संतुलन और दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है हैं।

# 'गाजा में खून-खराबा रुका नहीं तो हमास को खत्म कर देंगे', डोनाल्ड ट्रंप का सीधा अल्टीमेटम

**गाजा**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमास गाजा में लोगों की हत्या करता रहा, तो उनके पास "उन्हें अंदर जाकर मारने" के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रंप की यह कड़ी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल होने के बाद आई है, जिनमें हमास के आतंकवादी गाजा में प्रतिद्वंद्वी समूहों के सदस्यों की हत्या करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "अगर हमास गाजा में लोगों की हत्या करता रहा, जो कि समझौते का हिस्सा नहीं था, तो हमारे पास उन्हें अंदर जाकर मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।"

डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को हमास को चेतावनी दी कि अगर गाजा में खून खराबा जारी रहा तो “हमें मजबूरन वहां जाकर उसका खात्मा करना पड़ेगा।” यह चेतावनी उस समय दी गई जब पिछले हफ्ते इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधक समझौते के बाद से क्षेत्र में जारी हिंसा को ट्रंप ने पहले मामूली बताया था। बहरहाल, हमास को चेतावनी देने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका अपने सैनिक गाजा नहीं भेजेगा।

'गाजा में खून-खराबा रुका नहीं तो हमास को खत्म कर देंगे'

उन्होंने पत्रकारों से कहा, “यह हम नहीं करेंगे। हमारे नजदीक ऐसे लोग हैं जो यह काम बहुत आसानी से कर लेंगे, लेकिन हमारी देखरेख में।” ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि हमास ने “कुछ बहुत बुरे



गिरोहों” को खत्म कर दिया है और गिरोह के कई सदस्यों की हत्या की है। उन्होंने यह भी कहा, “सच कहूं तो इससे मुझे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा।” हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह अपनी धमकी को कैसे लागू करेंगे और अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय “व्हाइट हाउस” ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। फिर भी ट्रंप ने यह साफ किया कि गाजा में हमास द्वारा प्रतिद्वंद्वी गुटों की हत्या किए जाने को लेकर उनका धैर्य सीमित है। उन्होंने कहा, “उन्हें अपने हथियार डालने होंगे, वरना हम उन्हें निशस्त्र करेंगे और यह जल्दी एवं संभवतः हिंसक तरीके से होगा। गाजा में 18 साल पहले सत्ता में आने के बाद हमास की पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कायम की थी, लेकिन हाल के महीनों में इजराइली हमलों और कब्जे के कारण उनकी पकड़ कमजोर पड़ गयी है। स्थानीय सशस्त्र गिरोहों और इजराइल समर्थित गुटों पर मानवीय सहायता लूटने और बेचने के आरोप हैं।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी, 48 घंटे का युद्धविराम, दर्जनों की मौत

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** और अफगानिस्तान की सीमा पर मंगलवार रात फिर से झड़पें हुईं, जिसमें सैनिकों और नागरिकों की मौत की खबरें सामने आई हैं। बता दें कि दोनों देशों ने 48 घंटे के लिए युद्धविराम पर सहमति जताई, जिसे एक-दूसरे ने अनुरोध किया था।

मौजूदा जानकारी के अनुसार, झड़पों के कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की



राजधानी काबुल और कंधार प्रांत में हवाई हमले किए। पाकिस्तान की सेना ने बताया कि दक्षिणी कंधार के स्पिन बोल्डक क्षेत्र और उत्तर-पश्चिमी सीमा पर तालिबान के दो बड़े हमलों को नाकाम किया गया, जिसमें लगभग 20 तालिबानियों की मौत हुई। उत्तर-पश्चिमी सीमा पर रातभर की झड़पों में लगभग 30 और लोग मारे गए। अफगान अधिकारियों ने कहा कि सीमा पर हुई नई हिंसा में 15 नागरिकों की मौत हुई और दर्जनों घायल हुए। वहीं, पाकिस्तान के ओरकजई जिले में छह अर्धसैनिक जवान मारे गए और कई घायल हुए।

# दोहा : पाक-अफगान के बीच आज शांति वार्ता




**अफगानिस्तान। पाकिस्तान** और अफगानिस्तान के बीच हालात तनावपूर्ण हैं। भारी गोलीबारी और बमबारी के बाद दोनों पक्षों ने सीजफायर पर सहमति जताई। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने अफगानिस्तानी मीडिया के सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान कतर की राजधानी दोहा में बातचीत कर सकते हैं। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने अफगानिस्तानी मीडिया के सूत्रों के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तानी पक्ष के साथ बातचीत करने के लिए दोहा जा सकता है। दोनों पक्षों की इस मुलाकात में मौजूदा युद्धविराम समझौते के संभावित विस्तार पर वार्ता होने की चर्चा हो रही है।

सूत्र ने बताया कि अफगान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद करेंगे। दूसरी ओर, पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल में कई वरिष्ठ सुरक्षा और खुफिया अधिकारी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, अब तक दोनों पक्षों की सरकार की तरफ से इस वार्ता को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को अलग-अलग बयान जारी कर दोनों देशों के बीच कई दिनों तक चली सीमा पार गोलीबारी के बाद दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम की घोषणा की थी।

इस सीजफायर के ऐलान से पहले पाक-अफगान सीमा पर भारी तनाव देखने को मिला। काबुल एयरस्ट्राइक का बदला लेने के लिए अफगानिस्तान ने पाक के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर भारी हमला किया, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी मारे गए। इसके बाद पाकिस्तान ने फिर से अफगान पर हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के रिहायशी इलाके पर हमला किया।

# मार्शल लॉ मामला : दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति लगातार दूसरी बार मुकदमे में नहीं हुए पेश

**सोल। दक्षिण** कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सूक-येओल शुक्रवार को मार्शल लॉ से जुड़े आरोपों के मामले में चल रहे अपने दूसरे मुकदमे में फिर से पेश नहीं हुए। सियोल सेंट्रल जिला अदालत में सुनवाई उनकी गैरमौजूदगी में हुई। यह दूसरी बार था जब वे मुकदमे की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। हालांकि, पिछले महीने उन्होंने पहली सुनवाई में हिस्सा लिया था, जो कानून के अनुसार जरूरी था।

जनवरी में, विशेष वकील चो यून-सुक की टीम ने यून पर आरोप लगाया था कि उन्होंने कैबिनेट सदस्यों के अधिकारों का उल्लंघन किया, मार्शल लॉ की घोषणा में बदलाव किया और जांचकताओं द्वारा की जा रही



जांच में बाधा डाली थी। पीठ ने कहा कि यून ने अपनी हाल की गैरहाजिरी का कारण स्वास्थ्य बताया, लेकिन यह भी पाया गया कि उन्होंने बिना किसी ठोस वजह के आने से मना किया। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, अदालत ने कहा कि यून की गैरमौजूदगी के बावजूद मुकदमा चलेगा, क्योंकि जिस हिरासत केंद्र में वह है, वहां से उसे जबरन लाना आसान नहीं है।

यून पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू कर विद्रोह की साजिश में शामिल होने का भी मुकदमा चल रहा है। जुलाई में दूसरी बार गिरफ्तारी के बाद उन्होंने तब से स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर उस मुकदमे की सुनवाई में हिस्सा नहीं लिया है। 15 अक्टूबर को यून सूक येओल खुद ही विशेष जांच टीम के सामने पेश हुए। इससे पहले कि जांचकर्ता उन्हें जबरन लाने के लिए वारंट जारी करते।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा